वर्ष 23, अंक 227, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज  बुधवार 11 सितम्बर 2024  विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## सुप्रीम कोर्ट की अपील के बाद भी हड़ताल खत्म नहीं

**कोलकाता**

**कोलकाता** के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में जूनियर डॉक्टर के साथ रेप-मर्डर केस को लेकर डॉक्टर पीछे हटने को तैयार नहीं हैं. सुप्रीम कोर्ट और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की अपील के बाद भी डॉक्टर अपनी हड़ताल खत्म करने को तैयार नहीं हैं. सरकार को जवाब देने के लिए दोपहर तक की समय सीमा दी गई थी जो खत्म हो चुकी है.

स्वास्थ्य भवन अभिजन के तहत जूनियर डॉक्टर आंदोलन तेज करेंगे. डॉक्टर अपनी मांगों को लेकर पीछे हटने को तैयार नहीं हैं. आरजी कर के डॉक्टरो ने अपनी पांच मांगे रखनी हैं, जिसमें बंगाल के स्वास्थ्य सचिव और कोलकाता पुलिस चीफ का इस्तीफा शामिल है.



बीते दिन सीजेआई डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने आदेश दिया था कि आरजी कर में बलात्कार-हत्या के खिलाफ विरोध कर रहे पश्चिम बंगाल के डॉक्टरों को मंगलवार शाम 5 बजे तक अपनी ड्यूटी फिर से शुरू करनी होगी, नहीं तो राज्य सरकार को उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने का अधिकार होगा.

डॉक्टरों की बैठक में मिलकर लिया फैसला कोर्ट के इस आदेश के बाद प्रदर्शन कर रहे जूनियर डॉक्टरों ने कई दौर की बैठकें की गईं. आखिरी बैठक सोमवार शाम हुई थी, जिसमें प्रदर्शन जारी रखने का निर्णय लिया गया था. हालांकि यह कहा जा रहा था कि आखिरी फैसला मंगलवार को लिया जाएगा.

### क्या हैं आरजी कर मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों की मांगें

**चिकित्सकों** की 5 मांगों में स्वास्थ्य सचिव, स्वास्थ्य शिक्षा निदेशक, कोलकाता पुलिस चीफ का इस्तीफा, राज्य के प्रत्येक मेडिकल कॉलेज में पेशेंट सर्विस शुरू करना और अस्पतालों में सीसीटीवी कैमरा लगवाना और मरीजों की सेवाओं में सुधार शामिल हैं।

विरोध प्रदर्शन में शामिल करीब चार हजार डॉक्टरों के बीच एक ऑनलाइन पोलिंग करवाई गई थी, जिसमें यह पूछा गया था कि प्रदर्शन खत्म करना चाहिए या जारी रखना चाहिए. प्रदर्शन जारी रखने के पक्ष में करीब 3900 डॉक्टर ने राय दी है. इसके बाद अब यह तय किया गया है कि प्रदर्शन जारी रहेगा।

## मुझे नहीं लगता निष्पक्ष चुनाव में भाजपा 246 सीटों के आसपास पहुंच पातीः राहुल

**नई दिल्ली। कांग्रेस** नेता राहुल गांधी अमेरिका के दौरे पर हैं। उन्होंने यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। इस दौरान वो आरएसएस पर भी हमलावर रहे।

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, "चुनाव से तीन महीने पहले हमारे सभी बैंक खाते सील कर दिए गए थे... हम इस बात पर चर्चा कर रहे थे कि अब क्या करना है। मैंने कहा 'देखेंगे', देखते हैं हम क्या कर सकते हैं... और हम चुनाव में उतर गए।" कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, "चुनावों के बाद कुछ तो बदल गया है। कुछ लोगों ने कहा कि 'डर नहीं लगता अब, डर निकल गया अब'।



## यूपी की सात और विधानसभा सीटों पर होंगे उपचुनाव?

**उत्तर प्रदेश**

**लोकसभा** चुनाव 2024 में उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी, राष्ट्रीय लोकदल और समाजवादी पार्टी के 10 विधायकों ने जीत दर्ज की थी. यूपी में करहल, मिल्कीपुर, सीसामऊ, कुंदरकी, गाजियाबाद, फूलपुर, मझवां, कटेहरी, खैर और मीरापुर विधानसभा सीटों के विधायक, अब लोकसभा के सदस्य बन चुके हैं. इन सभी 10 सीटों को विधानसभा की ओर से खाली भी घोषित कर दिया गया है. भारत निर्वाचन आयोग इन सीटों पर उपचुनाव के लिए तारीखों का ऐलान कर सकती है. इस बीच



खबर है कि यूपी की सात और सीटों पर उपचुनाव की स्थिति बन सकती है.

दरअसल, साल 2024 की फरवरी में यूपी में 10 सीटों पर राज्यसभा के चुनाव हुए थे. इन चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने 8 और समाजवादी पार्टी ने 3 उम्मीदवार उतारे थे।

## चीन के साथ व्यापार पर शर्तें हमारी

### जयशंकर ने क्यों कहा ड्रैगन के साथ ये मामला इतना ब्लैक एंड व्हाइट नहीं

**नई दिल्लीः चीन** को लेकर विदेश मंत्री एस जयशंकर का बड़ा बयान सामने आया है। विदेश मंत्री मे कहा है कि हम चीन के साथ व्यापार नहीं कर सकते। हम व्यापार के मामले में चीन से करीब नहीं हैं। कोई भी यह नहीं कह सकता। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ये बयान बर्लिन में चल रहे जर्मन विदेश कार्यालय के राजदूतों के सम्मेलन में कही।

'चीन के साथ व्यापार नहीं कर सकते'

जानकारी के मुताबिक, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, 'हम चीन से व्यापार के करीब नहीं हैं... कोई भी यह नहीं कह सकता कि हम चीन के साथ व्यापार नहीं कर सकते, मुद्दा यह है कि आप किस शर्त पर व्यापार करते हैं। यह कहीं अधिक जटिल है। इसमें ब्लैक एंड व्हाइट जैसा कुछ नहीं है।' इस सम्मेलन में जर्मन विदेश मंत्री एनालेना बारबॉक और दिल्ली में जर्मन राजदूत डॉ. फिलिप एकरमैन भी मौजूद रहे।



विदेश मंत्री ने रियाद का किया दौराबता दें सोमवार को विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को सऊदी अरब के रियाद में प्रथम भारत-खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान जीसीसी सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी की।

विदेश मंत्री ने दिन की शुरूआत कतर के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान बिन जसीम अल थानी के साथ जीसीसी महा सचिवालय के मुख्यालय में बातचीत करके की।

## 'कार्यकताओं की बात सुनने आया हूं'- तेजस्वी



**समस्तीपुर। बिहार के** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव इन दिनों आभार यात्रा निकाल रहे हैं। यात्रा के पहले चरण में वह मंगलवार को बिहार के समस्तीपुर में कार्यकताओं से जनसंवाद करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि वह कार्यकताओं की बात सुनने आए हैं।

उन्होंने कहा कि वह जमीनी हकीकत को लेकर कार्यकताओं से चर्चा करेंगे और उनकी समस्याएं सुनेंगे। कार्यकर्ता दर्शन और जनसंवाद का कार्यक्रम समस्तीपुर से शुरू हो रहा है। समस्तीपुर जननायक कपूरी ठाकुर की धरती है और कपूरी ठाकुर हम सभी के नेता हैं। हम लोग कपूरी ठाकुर के विचारों पर चलने वाले लोग हैं।

उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता दर्शन और जनसंवाद का उद्देश्य जमीनी हकीकत और बिहार के लोगों की जमीनी समस्याओं को जानना है। जमीनी हकीकत को कार्यकताओं से बेहतर कोई नहीं जान सकता। उनकी यह दिली इच्छा रही है कि वह पार्टी के कार्यकताओं से सीधा संवाद करें ताकि संगठन का जो मेनिफेस्टो है, वह और मजबूत हो सके।

बिहार में लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपराध चरम पर है। बिहार में अपराधियों का बोल-बाला है। हर रोज हत्या और डकैती की घटनाएं हो रही है। डबल इंजन की सरकार पूरी तरह से फेल हो चुकी है। पिछले विधानसभा चुनाव में अगर बेईमानी नहीं की गई होती तो बिहार में राजद की सरकार बन गई होती। इस बार बिहार में हम सरकार बनाएंगे।

तेजस्वी यादव इस यात्रा के जरिए विधानसभा चुनाव की रणनीति बनाने में जुटे हैं। यात्रा के दौरान तेजस्वी यादव कार्यकताओं के बीच जाकर सरकार में रहने के दौरान किए गए कामों के बारे में जानकारी देंगे।

## हरियाणा विधानसभा चुनाव : भाजपा की दूसरी लिस्ट जारी

**चंडीगढ़। भाजपा** ने हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर 21 उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी कर दी है। मंगलवार को जारी अपनी दूसरी लिस्ट में भाजपा ने पेहोवा से अपना उम्मीदवार बदल कर जय भगवान शर्मा (डीडी. शर्मा) को प्रत्याशी घोषित किया है। दरअसल, भाजपा ने अपनी पहली सूची में पेहोवा से सरदार कमलजीत सिंह अजराना को उम्मीदवार घोषित किया था, लेकिन उन्होंने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया, जिसके बाद पार्टी ने इस सीट से नए उम्मीदवार को मैदान में उतारा है। पार्टी ने अपनी दूसरी लिस्ट में मुस्लिम उम्मीदवारों को भी मैदान में उतारा है। भाजपा ने मंगलवार को जारी अपनी दूसरी लिस्ट में नारायणगढ़ से पवन सैनी, पुंडरी से सतपाल जाम्बा, असंध से योगेंद्र राणा, गनौर से देवेंद्र कौशिक, राई से कृष्णा गहलावत, बरौदा से प्रदीप सांगवान, जुलाना से कैप्टन योगेश बैरागी, नरवाना से कृष्ण कुमार बेदी, डबवाली से सरदार बलदेव सिंह मांगीयाना, ऐलनाबाद से अमीर चंद मेहता, रोहतक से मनीष ग्रोवर, नारनौल से ओम प्रकाश यादव, बावल से कृष्ण कुमार, पटौदी से बिमला चौधरी, नूंह से संजय सिंह, फिरोजपुर झिरका से नसीम अहमद, पुन्हाना से ऐजाज खान, हथिन से मनोज रावत, होडल से हरिंदर सिंह रामरतन और बड़खल से धनेश अदलखा को उम्मीदवार घोषित किया है।

## यूपी शिक्षक भर्ती प्रकरण : अभ्यर्थियों को न्याय प्रदान करना नहीं चाहती भाजपा : प्रियंका गांधी वाड्रा

**नई दिल्ली। शिक्षक** भर्ती प्रकरण पर अब 23 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। मंगलवार को कोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख निर्धारित की। इसके साथ ही कोर्ट ने दोनों पक्षों से जवाब तलब किया है। अब सभी को कोर्ट की अगली सुनवाई का इंतजार है, लेकिन उससे पहले इस मामले को लेकर राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है।

इसी बीच, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने इस संबंध में अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट कर कहा, यूपी में 69,000 शिक्षक भर्ती मामले में भाजपा ने जैसा युवा और सामाजिक न्याय विरोधी रवैया अपनाया है, वह हैरान करने वाला है। दोहरा खेल, खेलकर आरक्षित और अनारक्षित-दोनों श्रेणी के युवाओं पर सामाजिक, आर्थिक एवं मानसिक रूप से आघात किया जा रहा है।



पहले भर्ती प्रक्रिया में आरक्षण घोटाला कर सैकड़ों दलित, पिछड़े अभ्यर्थियों का हक मारा और अब भी भाजपा की मंशा इस प्रकरण को लटकाने और भटकाने जैसी ही है। यह अन्याय बंद होना चाहिए।

आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चंद्रशेखर ने कहा, 69000 शिक्षक भर्ती (2018) में आरक्षण में हुए घोटाले पर 16 अगस्त 2024 को इलाहाबाद, उच्च न्यायालय ने अपनी मुहर लगाते हुए को न्याय से वंचित अभ्यर्थियों को न्याय देने के लिए तीन महीने का समय दिया था।

## यूपी पुलिस की एनकाउंटर शैली पर फिर उठे सवाल

**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर** प्रदेश के सुल्तानपुर जिले में लूट के अभियुक्त की कथित पुलिस एनकाउंटर में हुई मौत को लेकर सियासी घमासान तो मचा ही हुआ है, पुलिस की एनकाउंटर कार्य शैली पर भी सवाल उठ रहे हैं. यूपी के सुल्तानपुर जिले में 28 अगस्त को एक गहने की दुकान में डकैती हुई जिसमें करीब दो करोड़ रुपये के कीमती सामान लूट लिए गए. पुलिस ने धर-पकड़ शुरू की और छह दिन बाद यानी तीन सितंबर को एक मुठभेड़ में तीन लोगों को घायल कर गिरफ्तार कर लिया।

## कांग्रेस में शामिल नहीं होंगे कन्हैया मित्तल, कहा- हम राम के थे, हैं और रहेंगे

**चंडीगढ़। जो** राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे भजन गाने वाले कन्हैया मित्तल ने मंगलवार को कांग्रेस में शामिल होने के अपने फैसले को वापस लेने का ऐलान किया है। उन्होंने इस संबंध में बयान जारी कर इस बात की जानकारी दी।

उन्होंने कहा, "कभी-कभी कुछ लोगों से गलतियां हो जाती हैं। मैं भी उन्हीं लोगों में शुमार हूं, लिहाजा मैंने फैसला किया है कि मैं किसी भी कीमत पर किसी भी सनातनी का दिल नहीं तोड़ूंगा।



पिछले दो दिनों में मुझे यह एहसास हुआ है कि मैंने सभी सनातनियों को ठेस पहुंचाई है। भाजपा का शीर्ष नेतृत्व मेरी इतनी चिंता करता है। मैं पिछले दो दिनों से देख रहा हूं कि लोग परेशान हैं, इसके लिए मैं माफी मंगाता हूं।

उन्होंने कहा, इससे पहले मैंने कहा था कि मैं कांग्रेस में शामिल हो जाऊंगा। अब मैं उस फैसले को वापस लेता हूं। इस फैसले से सनातनियों का दिल टूटा है। मैंने अब किसी भी कीमत पर ऐसा नहीं करने का फैसला किया है। क्योंकि मैं नहीं चाहता हूं कि किसी भी सनातनी का भरोसा टूटे। इसलिए मैं कांग्रेस में शामिल होने के अपने फैसले को वापस लेने का ऐलान करता हूं।

उन्होंने आगे कहा, हम सब मिलकर यही संकल्प लेते हैं कि हम राम के थे, हैं, और रहेंगे। मैं आपसे फिर से माफी मांगता हूं।

### हरदीप पुरी ने दिलाई 3000 सिखों की हत्या की याद, कहा- गलती मानने की बजाय...

## 'सिखों को खतरा सिर्फ 1984 में हुआ था' : हरदीप

**नई दिल्ली। केंद्रीय** मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सिख समुदाय को लेकर दिए गए राहुल गांधी के बयान की कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि भारत में सिखों को एक ही बार चिंता, असुरक्षा और अस्तित्व का खतरा महसूस हुआ था, जब उनका परिवार सत्ता में था। उन्होंने कहा कि 1984 में जब राहुल गांधी के पिता राजीव गांधी सत्ता में थे तो सिख समुदाय के खिलाफ नरसंहार किया गया था। तीन हजार निर्दोष सिखों को मार दिया गया था। लोगों को उनके घरों से खींचकर बाहर निकाल कर जिंदा जला दिया गया था। राजीव गांधी ने उस समय बयान दिया था कि जब बड़ा पेड़ गिरता है तब धरती हिलती है।



भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उनकी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में सिखों के लिए जितना काम किया है, आजादी के बाद उतना काम कभी नहीं हुआ। प्रधानमंत्री मोदी जब भी गुरुद्वारे जाते हैं, स्वयं भी पगड़ी पहनकर ही जाते हैं। करतारपुर कॉरिडोर सहित सिख समुदाय की कई लंबित मांगों को मोदी सरकार ने पूरा किया है। राहुल गांधी ने अमेरिका में एक कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि भारत में इस बात को लेकर लड़ाई है कि क्या एक सिख को पगड़ी या कड़ा पहनने की अनुमति दी जाएगी या नहीं या एक सिख को गुरुद्वारे में जाने की अनुमति दी जाएगी या नहीं। यह पूरी तरह से झूठ और बेबुनियाद बातें हैं ।

## 5 साल में लगभग 5 हजार साइबर कमांडो होंगे तैयार- अमित शाह

### तीन नए आपराधिक कानूनों में देश को साइबर सुरक्षित बनाने के लिए सभी कानूनी इंतजाम किए गए हैं

**नई दिल्ली**

**केन्द्रीय** गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में क्4उ के प्रथम स्थापना दिवस समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया और साइबर अपराध की रोकथाम के लिए प्रमुख पहलों का शुभारंभ किया। गृह मंत्री ने साइबर धोखाधड़ी न्यूनीकरण केंद्र (CFMC) राष्ट्र को समर्पित किया और समन्वय प्लेटफॉर्म (संयुक्त साइबर अपराध जांच सुविधा प्रणाली) का शुभारंभ किया। श्री अमित शाह ने 'Cyber Commandos' कार्यक्रम और Suspect Registry का भी उद्घाटन किया। साथ ही गृह मंत्री ने I4C के नए लोगो, विजन और मिशन का भी लोकार्पण किया। इस अवसर पर केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री श्री बंडी संजय कुमार, केन्द्रीय गृह सचिव श्री गोविन्द मोहन, निदेशक आईबी, विशेष सचिव (आंतरिक सुरक्षा), विभिन्न राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक/वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, अनेक सरकारी संगठनों के अधिकारी, विभिन्न बैंकों/वित्तीय मध्यस्थों, फिनटेक, मीडिया, साइबर कमांडो, NCC और ठरर कैडेट शामिल होंगे।



अपने संबोधन में गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की पहल पर Safe Cyber Space अभियान के तहत 2015 में क्4उ की स्थापना हुई थी, तब से यह लगातार एक साइबर सुरक्षित भारत का मजबूत स्तंभ बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि 2015 से 2024 की 9 साल की यात्रा में ये विचार एक इनीशिएटिव और फिर एक इंस्टीट्यूशन में परिवर्तित हुआ है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि साइबर सुरक्षा के बिना किसी भी देश का विकास असंभव है। उन्होंने कहा कि तकनीक मानव जीवन के लिए आशीर्वाद साबित होती है ।

## चुनी हुई सरकार को चोर दरवाजे से बर्खास्त करना चाहती है भाजपा : आतिशी

**नई दिल्ली। भाजपा** विधायकों की ओर से दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग को लेकर राष?ट्रपति? को भेजे गए पत्र पर सियासी घमासान जारी है। मंगलवार को दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने कहा कि भाजपा दिल्ली की चुनी हुई सरकार को चोर दरवाजे से बर्खास्त करना चाहती है।



आतिशी ने कहा कि भाजपा का एकमात्र काम चुनी हुई विपक्ष की सरकारों को गिराना है। भाजपा दिल्ली में आम आदमी पार्टी के विधायकों को नहीं खरीद पाई, इसलिए अब वह दिल्ली की चुनी हुई सरकार को गिराने के लिए षड्यंत्र कर रही है। अगर भाजपा षड्यंत्र रचकर अरविंद केजरीवाल की सरकार गिराती है, तो आने वाले चुनावों में दिल्ली की जनता भाजपा को मुंहतोड़ जवाब देगी। उन्होंने कहा कि अगर दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाया जाता है, तो आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को जीरो सीटें आएंगी। भाजपा का एक ही काम है, चुनी हुई सरकार को गिराना।

# संदिग्ध परिस्थिति में अधेड़ महिला का शव मिलने से सनसनी

अखण्ड भारत सन्देश



**मांडा।** इलाकाई थाना क्षेत्र के अन्तर्गत मांडा खास - कोरांव मुख्य मार्ग बगैहा पुल के समीप संदिग्ध परिस्थिति में अधेड़ महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई ' सूचना पर मांडा थाने की पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम रिपोर्ट के लिए शहर भेज दिया हैं ।बतादे कि मंगलवार को प्रातः मांडा खास कोरांव मुख्य मार्ग बगैहा पुल के समीप कोरांव थाना क्षेत्र के सेमरी बाघराय निवासी गेंदा लाल धईकार की पत्नी कलावती उम्र (50) की शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई हैं ' सूचना पर मांडा पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम रिपोर्ट के लिए शहर भेज दिया हैं ' वही मृतका के शरीर पर काफी चोट के शिनाख्त व जंगली जानवरो द्वारा बाए पैर की अंगुलिया नोच कर खा लेने से क्षेत्र में तरह -तरह की चर्चाए फैली हुई हैं ' पति पत्नी दोनों अपने गांव से मांडा क्षेत्र में व्यापार करने के लिए बांस की भौकी, डलिया लेकर पैदल भ्रमण कर बेच कर नित्य अपने घर जाया करते थे ' और क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि दोनों शराब के आदती थे ।शराब पिने के बाद दोनों आपस में आए दिन वाद विवाद किया करते थे ' मृतका के दो बेटी गीता देवी व अनीता देवी दोनों को मांडा खास माण्डवी नगर निवासी शंकर लाल धईकार के बेटों के साथ एक ही घर में ब्याही थी 'जो घटना स्थल पर पहुंच कर यह कह कर रो रही थी कि मावा शराब छोड़ दी होती तो ऐसा न होता ' बेटी की उक्त बात सुन कर और उसके शरीर पर चोट के निशान देख कर मौके पर मौजूद लोगों ने घटना से सम्बन्धित हर बिन्दुओ पर तरह तरह की चर्चा करते रहे। मृतका के पति मांडा पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मेरी पत्नी कलावती उम्र (50) बांस की डलियां,भौकी बेचने आई थी । शाम को घर वापस न पहुंचने पर हम लोगों को चिंता हुई तभी मेरे रिस्तेदार रमाशंकर ने सूचना दी कि आप के पत्नी को जंगली जानवरों ने हमला करके काट लिया है। सूचना पर घटनास्थल पर पहुंच कर देखा तो मेरी पत्नी को जंगली जानवरों के हमले से मृत्यु हो गई थी। पति के उक्त तहरीर पर शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम रिपोर्ट के लिए शहर भेज दिया हैं और घटना के सम्बन्ध में पुलिस सघनता से जांच तड़ताल में जुटी हुई है।

## जहरीले जन्तु के काटने से किसान की मौत

अखंड भारत संदेश

**उतरांव।** सराय ममरेज थाना क्षेत्र की ईश्वरपुर गांव में शौचालय में शौच के लिए गए एक किसान की जहरीले जन्तु ने डस लिया। जिससे एक निजी अस्पताल में परिजनों इलाज के लिए ले गए। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। ईश्वरपुर थाना सराय ममरेज निवासी सुरेश कुमार यादव पुत्र अमर बहादुर उम्र 31 वर्ष जो घर पर रहकर किसानी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। सोमवार सुबह 5:00 बजे के करीब वह घर के पास बने शौचालय में शौच के लिए गया जहां जहरीले जंतु ने काट लिया। जहरीले जन्तु के काटने पर बहुत तेजी से चिल्लाया। परिजनों समेत आसपास के लोग इकट्ठा हुए। फौरन आनन फानन में



हंडिया के निजी अस्पताल में ले जाकर इलाज के लिए भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। मृतक युवक के दो बच्चे दिव्यांश 6 वर्ष प्रियांशु 4 वर्ष हैं। युवक अपने पिता का इकलौता बेटा था। युवक की मौत से पत्नी पूनम देवी माता रामदुलारी समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची सराय ममरेज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।

# ट्रैक्टर-बाइक भिड़ंत में मीटर रीडर की मौत, एक गंभीर

**बारा।** सोमवार की देर शाम ट्रैक्टर और बाइक के बीच हुई टक्कर में एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा बघला रोड पर अमिलहाई गांव के पास हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने विधिक कार्यवाही करते हुए शव को चीरघर भेजा।

जानकारी के मुताबिक शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के पंखा टोला मोहल्ला का निवासी पंकज केसरवानी उर्फ दद्दा पुत्र गोविंद प्रसाद, विद्युत उपकेंद्र शंकरगढ़ में कार्यरत था। पंकज केसरवानी मीटर रीडिंग का कार्य करता था। जबकि बघला का रहने वाला केशव प्रसाद भी बिजली विभाग में कार्यरत है।

पंकज और केशवप्रसाद एक बाइक से सोमवार की शाम बघला वाली रोड पर कहीं जा रहे थे। इसी दरम्यान अमिलहाई गांव के पास एक ट्रैक्टर से बाइक की टक्कर हो गई, जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल होगए। घायलावस्था में दोनों को

शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के बघला रोड पर सोमवार देर शाम हुआ हादसा




सीएचसी शंकरगढ़ ले जाया गया, जहां पंकज केसरवानी उर्फ दद्दा को मृत घोषित कर दिया गया। जबकि प्राथमिक उपचार के बाद केशवप्रसाद को एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। हादसे की सूचना पर पहुंची शंकरगढ़ पुलिस ने विधिक का?वाही करते हुए पंकज केसरवानी का शव कब्जे में लेते हुए चीरघर भेजा। पुलिस ने घटनास्थळ का भी निरीक्षण किया। पंकज की मौत से उसके घर में मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# लोकविद् सांवरिया के निधन से क्षेत्र में गहरा शोक

अखंड भारत संदेश

**करछना।** लोकसंगीत, लोकनाट्य एवं अवधी कविता में आम आदमी के जीवन का यथार्थ उकेरने वाले लोकविद् कवि रामलोचन सांवरिया के निधन पर क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त है। अनवरत पांच दशकों तक अपनी लेखनी की धार से जमुनापार को राष्ट्रीय पटल पर पहचान देने वाले लोककवि ने अपने पैतृक गांव करछना के गधियांव में अंतिम सांस ली। लगभग 73वर्ष की अवस्था में वह बीते दो दिनों से बुखार से पीड़ित थे जिनका सोमवार देर रात निधन हो गया। मंगलवार दोपहर बाद परिजनों ने स्थानीय डीहा गंगा घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया। वे अपने पीछे दो बेटे और भरा पुरा परिवार छोड़ गए । बड़े बेटे वेदानन्द वेद ने मुखाग्नि दी।इस दौरान मौजूद जागृति मिशन के संयोजक डॉ.भगवत पांडेय ने कहा कि अपने लोकसंगीत की वृहद रचना

मौके पर जुटे समाजसेवी,कवि कलाकारों ने स्मृतियों को ताजा करते हुए, दी श्रद्धांजलि



परिधि और अवधी भाषा के काव्य रचना विमर्शों के साथ सांवरिया जी ने पूरे देश में क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया।सांवरिया के जैसा होना, सबके बस की बात नहीं। उनका निधन जागृति मिशन, लोकसाहित्य, नाट्य जगत में जो सूनापन दे गया,जिसकी भरपाई सम्भव नहीं है। कवि, कलाकारों ने सांवरिया के अनूठे कृतित्व और सादगी पूर्ण व्यक्तित्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके निधन से नौटंकी लोकसंगीत का एक बड़ा स्तम्भ और अंतिम कड़ी भी टूट गई। अंतिम संस्कार की बेला में सभी भावुक मन से उनके अतीत की स्मृतियों को याद करते सभी लोग गम में डूबे रहे। इस मौके पर मदनमोहन शंखधर, फतेहबहादुर सिंह रिषिराज, अनिल विश्वकर्मा, विजय सिंह, कवि डॉ. राजेंद्र शुक्ल, डॉ.भगवान प्रसाद उपाध्याय, डॉ.वीरेन्द्र सिंह कुसुमाकर, सबरेज अहमद, जीतेन्द्र जलज, ब्रह्मयज्ञ विश्वकर्मा, सन्तोष शुक्ल समर्थ, जीपी सिंह, रणजीत सोनकर, रामबाबू यादव, पंचम लाल, मोहिनी श्रीवास्तव, केशव विश्वकर्मा, राजेंद्र पथिक, अशोक बेशरम, कमलेश, सुभाष विश्वकर्मा समेत कवि कलाकार, समाजसेवी, बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिजन मौजूद रहे।

## हृदय गति रुकने से डिप्टी एसपी के माता का निधन

**उतरांव।** उतरांव गांव निवासी डिप्टी एसपी ट्रेनि यूपी इब्ने हसन रिजवी जो लखनऊ डीजीपी कार्यालय में तैनात है। 4 सितम्बर शाम को 80 वर्षीय उनकी माता शहर बानो का हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वहीं दरियाबाद स्थित कब्रिस्तान में पति के बगल में उन्हें दफनाया गया। डिप्टी एसपी इब्ने हसन रिजवी ने जानकारी देते हुए बताया कि 6 अक्टूबर को चलीसवा (शोक सभा) का आयोजन इलाहाबाद कंपलेक्स करेली प्रयागराज में होगा।

## आदर्श रामलीला कमेटी खोजापुर, वरुणा की बैठक संपन्न

**प्रतापपुर।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी आदर्श रामलीला कमेटी खोजापुर, वरूणा के तत्वावधान में 15 अक्टूबर से रामलीला प्रारंभ होगी। कमेटी के संरक्षक ग्राम प्रधान भुलेश्वर नाथ तिवारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में नई कमेटी का गठन किया गया है। जिसमें अरविंद त्रिपाठी अध्यक्ष, एडवोकेट सचिन तिवारी उपाध्यक्ष, रमेश तिवारी संयोजक, बासू चंद्र तिवारी कोषाध्यक्ष, मनोज तिवारी सचिव, दुष्यंत विश्वकर्मा व्यास, जितेंद्र यादव मंत्री, राजित राम महामंत्री, डायरेक्टर संदीप तिवारी एवं प्रवीण तिवारी सहित निहाल तिवारी, नितिन त्रिपाठी को बनाया गया है। इस अवसर पर वरिष्ठ पात्र अवधेश तिवारी, दीपक तिवारी, नितिन तिवारी, विशाल तिवारी, विवेक तिवारी, मानिक चंद्र तिवारी, अनुराग तिवारी, सक्षम तिवारी, अनुभव तिवारी, अभिषेक यादव, उज्जवल तिवारी, हर्ष शुक्ला, प्रशांत विश्वकर्मा, बबलू भारतीया, पंकज यादव मौजूद रहे।

# शराब पीते समय गालियां देने पर सिर कूचकर गला रस्सी से कस की गई थी रवि की हत्या

**रवि मौर्या हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा- अजय कुमार मौर्या निकला कातिल, मऊआइमा और एसओजी टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल**

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** आठ सितम्बर को मऊआइमा के मोहम्मदपुर सराय अली निवासी रवि मौर्या 19 वर्ष पुत्र पन्ना लाल का शव गांव से पांच सौ मीटर दूरी पर ट्यूबवेल के छत पर मिला था। रवि मौर्या छह सितम्बर को रात नौ बजे से गायब था। मंगलवार को मऊआइमा इंस्पेक्टर राघवेन्द्र सिंह, सर्विलांस प्रभारी गंगानगर सुख चैन तिवारी,एस आई अनुराग शर्मा,समीर यादव,हेड कांस्टेबल एस ओ जी रवीन्द्र यादव, बृजेश सिंह , अनुग्रह वर्मा, सर्विलांस एस ओ जी हेड कांस्टेबल राजेश यादव, कांस्टेबल एस ओ जी समीर प्रताप एस ओ जी आदि टीमों ने




मंगलवार को महरौंडा तिराहे से एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछ ताछ की जिसने अपना नाम अजय कुमार मौर्या पुत्र राम दयाल मौर्या ग्राम मोहम्मद सराय अली बताया तथा यह भी कबूल किया कि छह सितम्बर को रात में वह रवि मौर्या के साथ ट्यूबवेल के छत पर शराब पी रहे थे। रवि मौर्या ने गालियां दे दी तथा लड़ाई पर आमादा हो गया। जिसपर छत पर रखे सीमेंट के टुकड़े से रवि मौर्या के सिर पर मारकर जख्मी कर दिया तथा पूछ ताछ के दौरान अजय मौर्या ने बताया कि रवि के बचने के डर से वह रस्सी के टुकड़े से उसका गला कस कर हत्या कर दी। पकडे जाने की डर से वह भागा भागा फिर रहा था। आज पकडा गया। मऊआइमा पुलिस और एस ओ जी टीम ने कातिल अजय मौर्या मंगलवार को जेल भेज दिया।

**अपराधिक प्रवृति का है अजय मौर्या :** रवि हत्याकांड का आरोपी अजय मौर्या अपराधी प्रवृत्ति का है। जिसके खिलाफ मऊआइमा थाने में कई मुकदमा दर्ज है।

# कार व बाइक भिड़ंत में एक युवक की मौत दो घायल

**अपने साथी को स्टेशन छोड़ने प्रयागराज जा रहा था संदीप**



**सहसों।** प्रयागराज गोरखपुर राजमार्ग पर थानापुर गांव के सामने कार एवं बाईक की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की जहां दर्दनाक मौत हो गई। वहीं उसके साथ बैठे दो युवक घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रति जानकारी के अनुसार फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के सराय लिली उर्फ खोजापुर गांव निवासी संदीप भारतीया 30 वर्ष पुत्र बऊ मंगलवार दोपहर लगभग 12 बजे अपने पड़ोसी साथी संजय 32 वर्ष पुत्र लाल जी जो मुंबई में रहकर प्राइवेट नौकरी करता है को छोड़ने के लिए प्रयागराज स्टेशन जा रहा था। बाइक सवार युवक जैसे ही प्रयागराज गोरखपुर राजमार्ग पर थरवई थाना क्षेत्र के थानापुर गांव के सामने पहुंचे ही थे कि सहसों ब्लॉक मुख्यालय की तरफ से आ रही एक महिला ग्राम पंचायत अधिकारी शशि यादव की कार से बाइक में भिड़ंत हो गई। घटना में संदीप भारतीया की जहां मौके पर ही मौत हो गई। वहीं साथ में बाइक पर बैठे संजय 32 वर्ष और उसके मामा का बेटा राजेश अभईपुर बहरिया को भी चोटे आने से घायल हो गए। घायलों को मौके पर मौजूद लोगों ने पास के ही चिकित्सालय में उपचार हेतु भर्ती कराया। घटना के बाद घटना स्थल पर लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई और जाम जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। मृतक संदीप के पीछे उनकी पत्नी, एक बेटा और एक बेटी है। युवक के मौत की सूचना से जहां घर में कोहराम मच गया है। वहीं पत्नी बच्चों व परिवार के अन्य सदस्यों का रो-रो कर बुरा हाल है। जानकारी मिलते ही संबंधित थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर लाश को अपने कब्जे में लेकर लिखा पढ़ी करते हुए पोस्टमार्टम के लिए प्रयागराज भेज दिया।

# तीर्थराज प्रयाग की भूमि को विश्व की प्रथम यज्ञ भूमि होने का प्राप्त है गौरव योगेश शुक्ल

अखंड भारत संदेश

**यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर भाजपा नेता ने संगम क्षेत्र में बड़ी यज्ञशाला, प्रयागराज एयरपोर्ट का नामकरण महर्षि भारद्वाज के नाम पर करने,मेला क्षेत्र यात्रियों को ठहरने के लिए एक हजार धर्मशाला, मेजा के कताई मिल मजदूरों का बकाया भुगतान करने, बड़ोखर पहाड़ी क्षेत्र को प्राकृतिक पर्यटन केंद्र बनाने का किया है आग्रह**

**मेजा।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सदस्य युवा आयोग भारत सरकार योगेश शुक्ल ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महराज जी से लखनऊ में मुलाकात करके आग्रह पूर्वक कहा कि तीर्थराज प्रयाग के बारे में पौराणिक मान्यता है कि श्रृष्टि कर्ता ब्रह्मा ने श्रृष्टि कार्य पूर्ण होने के बाद अपना प्रथम यज्ञ इसी भूमि पर सम्पन्न किया था , इस कारण इस भूमि को विश्व की प्रथम यज्ञ भूमि होने का गौरव प्राप्त है ।इसलिए संगम क्षेत्र के आस पास दुनिया की एक सबसे बड़ी यज्ञशाला का निर्माण कराया जाय। इससे जहाँ एक तरफ करोड़ों हिंदुओ को गर्व की अनुभूति होगी वहीं दूसरी तरफ सम्पूर्ण विश्व में प्रयागराज के प्रति आकर्षण और भी बढ़ेगा। श्री शुक्ल ने यह भी कहा कि प्रयागराज की हजारों वर्ष से एक और प्रतिष्ठा है कि त्रेता युग के महान ऋषि भारद्वाज मुनि का आश्रम और गुरुकुल यही पर स्थित था।शास्त्रों के आधार पर यह भी मान्यता है कि भारद्वाज मुनि विमान शास्त्र के भी आदि



आचार्य थे । महर्षि भरद्वाज जी द्वारा रचित ग्रंथ यंत्र सर्वस्व में विमान संबंधी परिकल्पनाओ का विस्तृत उल्लेख है। इसलिए उचित होगा कि प्रयागराज एयरपोर्ट का नामकरण महर्षि भरद्वाज के नाम पर किए जाने हेतु आवश्यक पहल हो तथा इस आशय का प्रस्ताव केंद्र को भेजा जाय । श्री शुक्ल ने माननीय मुख्यमंत्री से यह भी आग्रह किया कि प्रयागराज एक ऐसा तीर्थ क्षेत्र है जहाँ माघ महीने के अतिरिक्त वर्ष भर देश और दुनिया से हजारों की संख्या में तीर्थ यात्री प्रतिदिन आते हैं, तीर्थ यात्रियों की बढ़ती संख्या की जरूरतों को पूरा करने में यहां की पुरानी धर्मशालाएं सक्षम नहीं रह गई है। अतः प्रयागराज क्षेत्र में कुंभ प्राधिकरण की तरफ से कम से कम एक हजार कमरों के राजकीय धर्मशाला का निर्माण कराया जाय, इससे यहां आने वाले तीर्थ यात्रियों के ठहरने की समुचित व्यवस्था नियमित रूप से हो सके।भाजपा नेता योगेश शुक्ल ने मेजा तहसील स्थित मेजा कताई मिल के मजदूरों के बकाया राशि के अविलम्ब भुगतान हेतु निवेदन किया है जिस पर माननीय मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि कताई मिल के मजदूरों का हर बकाया राशि का भुगतान किया जाएगा। भाजपा नेता योगेश शुक्ल ने जनपद के कोरांव तहसील में स्थित बड़ोखर पहाड़ के चोटियो की एक सुंदर तस्वीर माननीय मुख्यमंत्री को भेंट करते हुए उस पहाड़ से सटे हुए गावों के समग्र विकास तथा उस पहाड़ी क्षेत्र को एक प्राकृतिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए भी आग्रह किया है।

## न्यूज झरोखा

### सरायममरेज निवासी मोहम्मद आरिज को नीट परीक्षा में मिली सफलता


**जंघई।** सरायममरेज, शाहापुर निवासी मोहम्मद आरिज ने पहले ही प्रयास में नीट की परीक्षा पास करके अपने मां-बाप व गुरुओं का नाम रोशन किया है। परिवार में खुशी का माहौल है आसपास के लोगों एवं रिश्तेदारों ने आरिज को बधाई



दिया है। आरिज ने नीट की परीक्षा पास होने का श्रेय माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया है। आरिज ने कहा कि किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमेशा उसी पर ध्यान केंद्रित रखना चाहिए लगन से पढ़ें और अपने माता-पिता व गुरुओं का कहना मानें, लक्ष्य वही होना चाहिए जिस पर आपका आकर्षण अधिक हो। आरिज के पिता डॉ वसी अहमद ने बताया कि अपने बेटे को लक्ष्य की तरफ हमेशा आकर्षित किया और दोस्त की तरह अपने साथ रखा जिससे इन्होंने नीट की परीक्षा पास करके हमारा नाम रोशन किया। इस अवसर पर मुशीर अहमद, जुबेर एडवोकेट, मोहम्मद अतीक, मोहम्मद आदिल, मोहम्मद अजेर, मोहम्मद नईम, मोहम्मद कैस, सैयद फैजान, मुकेश मिश्रा, जुबेर नेता, अनस प्रधान, तारीक एडवोकेट, वजीर, अशफाक कुरैशी आदि लोग मौजूद रहे

### टोलकर्मी द्वारा कमेन्ट से परेशान छात्रा ने जूता उतार कर दौड़ाया वीडियो वायरल

**करछना।** बेटियों की सुरक्षा को लेकर सरकार सख्त होने की दावा करती है। और उसके द्वारा एंटी रोमियो दास्तान जैसी अभियान भी चलाई जाती है। लेकिन क्या जमीनी हकीकत में वास्तव में बेटियां महफूज नहीं है।



तहसील करछना क्षेत्र में संचालित होने वाले टोल टैक्स पर मंगलवार को उसे समय कोहराम मच गया जब एक छात्र हाथ में जूता लेकर एक टोलकर्मी को दौड़ा लिया। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। छात्रा ने बताया कि लगातार उक्त कर्मी के द्वारा विद्यालय आते और जाते समय गंदी कमेंट किया जाता है। जिससे परेशान होकर छात्रा ने यह कदम उठाया है।

### स्कूल से घर जा रही छात्रा को बाइक चालक ने मारी टक्कर

**मेजा।** थाना क्षेत्र के अमिलिया कलां गांव निवासी मीनू कुशवाहा पुत्री कमलेश कुशवाहा उरुवा स्थित सत्यनारायण इंटर कॉलेज की छात्रा है। मंगलवार की दोपहर में वह स्कूल से साइकिल पर सवार होकर घर की तरफ जा रही थी। अभी वह लेहड़ी रेलवे ओवरब्रिज के समीप ही पहुंची थी कि अचानक किसी अज्ञात बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दिया। घटना में मीनू कुशवाहा काफी गंभीर रूप से घायल हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने सरकारी एंबुलेंस से छात्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र



रामनगर में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।

# स्मार्ट फोन की सही दिशा में उपयोगिता होने से छात्र छात्राएं बनेंगी आत्मनिर्भर : राजेंद्र यादव

अखंड भारत संदेश

**भगौती प्रसाद महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर बीए और बीएससी के छात्र छात्राओं को वितरित किया गया स्मार्ट फोन,फोन की उपयोगिता को लेकर किया गया जागरूक**

**मेजा।** क्षेत्र के अमकछा इलाके में संचालित भगौती प्रसाद महाविद्यालय में बीए एवं बीएससी के उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित किया गया। साथ ही फोन की उपयोगिता को लेकर छात्रों को जागरूक किया गया।

उल्लेखनीय है कि विकास खंड मेजा के अमकछा गांव में संचालित भगौती प्रसाद महाविद्यालय मे मंगलवार को कार्यक्रम आयोजित कर फोन वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कालेज के संस्थापक राजेंद्र प्रसाद यादव ने वर्ष 2023 मे उत्तीर्ण बीए एवं बीएससी के छात्र छात्राओं स्मार्ट फोन देते हुए उसकी उपयोगिता के प्रति जागरूक भी किया। इस दौरान स्मार्ट फोन पाकर छात्र




छात्राओं के चेहरे खिल उठे। विद्यालय के संस्थापक ने स्मार्ट फोन पाने वाले सभी छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि फोन की सही दिशा मे उपयोगिता ही छात्रों को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। छात्र छात्रायें स्मार्ट फोन से पढ़ाई के आलावा आत्मनिर्भर बनने हेतु आन लाइन कार्य भी घर बैठे जहां आसानी से कर सकते हैं। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य हर दयाल सिंह ने बताया कि जिन छात्र छात्राओं को स्मार्ट फोन नहीं मिल सका है। वह छात्र छात्राएं विद्यालय पहुंच कर प्राप्त कर सकते हैं। इस मौके पर अनूप यादव,जेपी यादव,रविशंकर पाण्डेय,नेब्बू लाल, अमर बहादुर, अंजय पटेल,तथा डा.दीपक सिंह के अलावा कई अन्य लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## पीएमवाईजी सर्वे के तहत बीडीसी और ग्राम प्रधानों की गोष्ठी का हुआ आयोजन

**बीडीसी को भी पात्र आवासीय योजना में सूची में नाम दर्ज कराने को कहा गया**



**मऊआइमा।** पीएमवाईजी सर्वे 2024 की खंड स्तरीय उन्मुखीकरण गोष्ठी का आयोजन मऊआइमा खंड परिसर में आयोजित किया गया। गोष्ठी में पहली बार बीडीसी सदस्यों को पात्र आवासीय योजना के तहत सूची में नाम डलवाने को कहा गया। इसके अलावा दस सूत्री कार्यक्रम योजनाओं के बारे में बताया गया। जिसमें पात्रों को उक्त योजनाओं का लाभ दिलवाने की बात कही गई। गोष्ठी में आवास विहीन अधिकत्तम दो कच्चे कमरे वाले परिवारों को पक्की छत मुहैया कराने बात कही गई। गोष्ठी में इम्तियाज समी ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि, खंड विकास अधिकारी उमेश सिंह, एडीओ एसटी विजय सिंह, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी सौरमित्र सिंह,सहायक विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह ,क्षेत्र पंचायत सदस्य दिलीप कुमार,कर्मवीर यादव,दीपक कुमार,दीपक चौहान, फतेबहादुर पटेल,लालचंद्र मौर्य, पुष्पा देवी ,आलम प्रधान प्रधान,राम सजीवन पटेल ,दिनेश मौर्य ग्राम प्रधान आदि मौजूद थे।

# राजेंद्र सिंह रज्जू भय्या विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह आयोजित, 156 मेधावियों को मिला पदक

अखंड भारत संदेश

**नैनी, प्रयागराज।** नैनी प्रो० राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय का भव्य सप्तम दीक्षांत समारोह मंगलवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि चंद्रयान की सूत्रधार एएस किरन कुमार, अध्यक्ष, फिजिकल रिसर्च मैनेजमेंट कौंसिल, सदस्य, स्पेस कमीशन, भारत सरकार, पूर्व अध्यक्ष, इसरो रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में योगेन्द्र उपाध्याय, मंत्री उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश एवं रजनी तिवारी, राज्य मंत्री, उच्च शिक्षा मौजूद रहे। इस मौके पर कुलाधिपति एवं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि जून 2016 में उत्तर-प्रदेश सरकार द्वारा स्थापित यह विश्वविद्यालय गुणवत्ता एवं अनुसंधानपूर्ण उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उत्तरोत्तर विकास के सोपान पर अग्रसर है। किसी भी विद्यार्थी के लिए जीवन का महत्वपूर्ण और स्वर्णिम क्षण होता है। मैं यह मानती हूं कि जीवन में आप जो भी उपलब्धि हासिल करते हैं, उसके साथ-साथ कर्तव्यनिया, नैतिकता और ईमानदारी जैसे गुणों को भी अपनाना चाहिए ताकि आप सर्वगुण संपन्न होकर अपने देश और जन्मभूमि के लिए महत्वपूर्ण योगदान दे सकें।मुख्य अतिथि एएस किरन कुमार ने कहा कि यह क्षण आपके जीवन में बहुत महत्वपूर्ण है। अध्यापक के योगदान को ध्यान रखना चाहिए। चांद पर चंद्रयान उतरा तो पूरी दुनिया की नजर भारत पर था। पानी को लेकर पहली बार अन्वेषण किया गया। कठिन परिश्रम करके सफलता हासिल किया जा सकता है। पहले के यानों से सीख लेकर चंद्रयान तीन उतारा गया और नतीजा अच्छा रहा। प्रारम्भ में कुलपति डॉ अखिलेश सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय की उपलब्धियों के बारे में बताया। अंत में कुलसचिव संजय कुमार ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के परास्नातक, संस्कृत विभाग छात्रा अंजली गिरि को कुलाधिपति स्वर्ण पदक राज्यपाल ने दिया। दीक्षांत समारोह में कुल 1,15,827 विद्यार्थियों (स्नातक-70331, परास्नातक एवं व्यावसायिक 45496) को उपाधि प्रदान की गई। साथ ही 151 छात्रों को 156 मेडल दिए गए, जिसमें स्नातक/परास्नातक स्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों में सर्वोच्च अंक पाने वाले कुल 49 विद्यार्थियों को 49 स्वर्ण, 52 को रजत एवं 55 को कांस्य पदक थे। इस बार भी 71 फीसदी लड़कियों ने बाजी मार ली, जबकि 29 फीसदी लड़के हैं। गोद लिए गांव के बच्चों की प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी मेडल दिए गए।

साथ ही राज भवन की ओर से निर्धन छात्रों को किताबें एवं फतेहपुर के लिए 200 आंगनबाड़ी किट बांटी गई।इस मौके पर चार शैक्षिक सुविधाओं का भी लोकार्पण किया गया, जिनमें मीडिया स्टूडियो, इनडोर जिम, आउट डोर जिम तथा म्यूजियम है। इसके अलावा दुबई में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में ब्रांज मेडल प्राप्त करने वाली सुनीता देवी एवं गुवाहाटी में आयोजित खेलो इंडिया में बॉक्सिंग के 63 से 67 किलोग्राम भार में ब्रांज मेडल प्राप्त खिलाड़ी आकें को भी मेडल दिया गया।







### सप्तम दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने मऊआइमा के बच्चों को भी किया गया सम्मानित

**मऊआइमा।** सप्तम दीक्षांत समारोह प्रो.राजेंद्र सिंह उर्फ रज्जू भैया विश्वविद्यालय में चित्रकला, पेंटिंग, कहानी ,भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमें मऊआइमा के विरभानपुर स्थित श्री जगलाल जगत बहादुर पटेल इंटरमीडिएट कॉलेज के ईशका यादव ,सलोनी पटेल, अनु पटेल, देवेंद्र कुमार द्विवेदी , शिखा ,सनया, उत्कर्ष श्रीवास्तव व उपमा को माननीय राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने गोल्ड मेडल स्मृति पत्र एवं फल देकर सम्मानित किया । वहीं प्रधानाचार्य रघुनंदन सिंह को राजभवन की तरफ से पुस्तक देकर सम्मानित किया गया।

# बेरोजगार युवकों ने मुर्गा बनकर किया प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज में बेसिक स्कूलों में 97,000 से अधिक रिक्त पदों पर नियुक्ति को लेकर प्रशिक्षित बेरोजगार लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। कई बार धरना देते हुए वह अनूठे अंदाज में प्रदर्शन करने लगते हैं। ऐसे ही डीएलएड और टीईटी उत्तीर्ण बेरोजगार युवकों ने मुर्गा बनकर विरोध किया। मुर्गा बन प्रदर्शन का वीडियो वायरल हुआ है। इसके बाद सपा मुखिया अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट कर योगी सरकार पर तंज कसा है।पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने लिखा बेरोजगारी की निराशा भरी काली रात लाकर, चद्दर तानकर सोयी हुई भाजपा सरकार को जगाने के लिए डीएलएड प्रशिक्षित अभ्यर्थियों ने मुर्गा बनकर अपनी गलती की क्षमा ही नहीं मांगी है। बल्कि कुंभकर्णी निद्रा में लीन भाजपा सरकार को जगाने के लिए सुबह लाने वाली बांग भी दी है। अब देखते हैं इन क्षमा मांगने वालों से माफी कौन से भाजपाई महोदय मांगते हैं। अखिलेश यादव की इस पोस्ट को अब तक 65 हजार लोग देख चुके हैं। जबकि डेढ़ हजार की करीब लोग इसे री पोस्ट कर चुके हैं। बेरोजगार नौजवानों का कहना है कि 2018 के बाद से यूपी में कोई शिक्षक भर्ती नहीं आई है। बेसिक स्कूलों में रिक्त पदों पर नियुक्ति को लेकर प्रशिक्षित बेरोजगार धरना प्रदर्शन का वीडियो सोशल मीडिया पर खुद ही डाल रहे हैं। बेरोजगार युवाओं ने मुर्गा बनकर इस बात की गलती मानी कि उन्होंने डीएलएड और टीईटी कर बहुत गलत किया है।



### खून से लिखा पत्र... छात्रसंघ बहाल करो

**प्रयागराज।** इविवि के छात्र अमन मिश्रा ने मंगलवार को अपने खून से पत्र लिखा जिसमें लिखा था, छात्रसंघ बहाल करो। पहले सिरींज से अपने हाथों से उसने ब्लड निकलवाया और फिर उसी से पत्र लिखा।यह पत्र राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, शिक्षामंत्री व विश्वविद्यालय की कुलपति को भेज दिया। छात्र अमन मिश्रा ने कुलपति को संबोधित ज्ञापन में लिखा कि काफी समय से इलाहाबाद विश्वविद्यालय में छात्र संघ चुनाव कराए जाने की मांग चल रही है।

**विश्वविद्यालय के लिए जान देने को तैयार :** छात्र अमन मिश्रा ने कहा कि हमारे शरीर का कतरा कतरा इस विश्वविद्यालय की अस्मिता बचाने के लिए हाजिर है आज तो बस रक्त ही दिया है कल को जान की जरूरत पड़ी तो वह भी हम दे देंगे। मौजूद छात्रों ने कहा कि विश्वविद्यालय का छात्र संघ हमारे लिए गौरव का विषय है जहां से देश को चार-चार प्रधानमंत्री मिले, राष्ट्रपति मिले व कई मुख्यमंत्री मिले। यह सब विश्वविद्यालय के छात्र संघ के ही पौधे हैं। छात्रों ने यह मांग रखा है कि विश्वविद्यालय का छात्र संघ जल्द से जल्द बहाल किया जाए।इस मौके पर भाव भारत सिंगल, अनुराग गौरव, प्रभात आदि छात्र मौजूद रहे।

# राज्यपाल ने इलाहाबाद संग्रहालय में एकल वस्तु प्रदर्शनी व कृष्णलीला पर आधारित लीलाधर प्रदर्शनी का दीप प्रज्जवलित कर किया शुभारम्भ





**प्रयागराज।** इलाहाबाद संग्रहालय मे मंगलवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल एवं अध्यक्ष इलाहाबाद संग्रहालय समिति का भ्रमण सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर राज्यपाल महोदया ने संग्रहालय के नवीन पहल माह का आकर्षण के अंतर्गत एकल वस्तु प्रदर्शनी में आधुनिक चित्रकला संग्रह से ह्यराधा का स्वप्नह्य (भू-तल, केन्द्रीय कक्ष) व संग्रहालय के लघु चित्रों में कृष्णलीला पर आधारित ह्यलीलाधरह्य(प्रथम तल, प्रदर्शनी कक्ष) का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया प्रदर्शनी के अवलोकन के पश्चात माननीय महोदया ने संग्रह व सुंदर संयोजन की प्रशंसा करते हुए अधिकाधिक विशेष प्रदर्शनियों के माध्यम से संग्रहालय के सुरक्षित संग्रह के बाहर निकालने व जन-सामान्य को संग्रहों से रूबरू कराने का निर्देश दिया। उद्घाटन के पश्चात अध्यक्ष महोदया ने कांस्य और सिक्कों के सुरक्षित संग्रह का निरीक्षण किया और रखरखाव की आधुनिकतम तकनीक को अपनाने व सिक्कों के संग्रह की विशेष प्रदर्शनी राजभवन में लगाने का निर्देश दिया। माननीय अध्यक्ष महोदया ने इस अवसर पर संग्रहालय के विकास कार्यों व भावी योजनाओं पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता भी किया। बैठक में निदेशक राजेश प्रसाद ने पावर प्वाइंट के माध्यम से मुख्य प्रवेश द्वार की प्रगति, महाकुंभ 2025 की तैयारी इत्यादि से सिंदुवार अवगत कराया। इस अवसर पर राज्य पाल महोदया ने लीलाधर प्रदर्शनी के कैटलॉग व संग्रहालय की त्रैमासिक समाचार पत्रिका ह्यविविधा ह्य के छठे अंक का लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत, अपर पुलिस आयुक्त एन0 कोलांची, जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



## जनसुनवाई में नगर निगम पहुंचे 41 फरियादी

**प्रयागराज।** नगर आयुक्त चन्द्रमोहन गर्ग द्वारा मंगलवार को जन सुनवाई करते हुए नगर निगम में आये हुएं फरियादियों की शिकायतों को सुना गया, जिसमें कुल 41 शिकायतें प्राप्त हुई। जनशिकायतों के अविलम्ब गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण कराये जाने हेतु नगर आयुक्त द्वारा उपस्थित अधिकरियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये, और यह भी निर्देशित किया गया कि गुणवत्ता पूर्ण शिकायतों का निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलिता न बरती जाय। सम्भव जनसुनवाई बैठक के दौरान अपर नगर आयुक्त दीपेन्द्र यादव तथा अमरीश बिंद, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पी के द्विवेदी, अरविन्द राय, उप नगर आयुक्त अनुपम शुक्ला, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा० अभिषेक सिंह, पशुधन अधिकारी डा० विजय अमृत राज तथा मुख्य अभियन्ता विद्युत संजय कटियार, मुख्य अभियन्ता सतीश कुमार, जलकल महाप्रबंधक गौरव कुमार, पर्यावरण अभियंता उत्तम कुमार वर्मा, समस्त जोनल अधिकारी, लेखाअधिकारी अक्षय कुमार, समस्त अधिशाषी अभियन्ता निर्माण तथा विद्युत, सचिव नगर आयुक्त तथा नगर निगम के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

### खाना खाने गए युवक को ढ़ाबा संचालक ने लाठियों से पीटा

झूसी। झूंसी थाना क्षेत्र के शेरडीह गांव निवासी रोहित यादव पुत्र पप्पू सोमवार रात साढ़े दस बजे पटेल नगर स्थित मोहित ढ़ाबा पर खाना खाने गया था, वही उसका मोबाइल छूट गया था। आरोप है कि कुछ देर बाद रोहित अपने मोबाइल के बाबत पुछताछ करने गया तो ढाबा संचालक मोहित और उसके पिता गुलाब ने लाठियों से उसकी पिटाई की जिसमें उसके हाथ की एक उंगली टूट गई है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

### जल निगम के अवर अभियंता के घर में चोरी

**झूसी।** झूंसी थाना क्षेत्र के वास्तु विहार कालोनी हवेलियां झूंसी में अवर अभियंता सुधीर कुमार यादव के घर में आलमारी का लाकर तोड़कर चोरों ने दो लाख कीमत के जेवरात चुरा ले गए। सुधीर यादव मूलतः जौनपुर जिले के पंवारा थाना, हिम्मतपुर गांव निवासी थे। वह परिवार के साथ शनिवार को गांव गए थे। सोमवार को सुबह साढ़े आठ बजे झूंसी कमरे पर पहुंचे तो आलमारी का ताला टूटा देख सन्न रह गए। पुलिस ने उनकी तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

# अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद पार्क में इलाहाबाद हाईकोर्ट जजेस लेडीज क्लब द्वारा किया गया वृहद वृक्षारोपण

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** मंगलवार को, इलाहाबाद हाईकोर्ट जजेस लेडीज क्लब द्वारा वन विभाग और उद्यान विभाग के सहयोग से अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद पार्क, प्रयागराज में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम के दौरान, माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के मुख्य न्यायाधीश एवं न्यायाधीशों की पत्नियों और उनके परिवार के सदस्यों ने टबेबिया रोजिया के पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अभियान के तहत 100 छायादार पौधों का रोपण किया गया। इस वषार्काल में, आजाद पार्क के वॉकिंग पाथ पर जो खाली स्थान थे, उनमें छायादार पौधे लगाकर छाया उपलब्ध कराने का प्रयास शुरू किया गया है। इस कार्यक्रम में, श्रीमती शीतल भंसाली, श्रीमती वंदना गुप्ता, श्रीमती निधि बिरला सहित 50 से अधिक महिला सदस्यों ने हिस्सा लिया और उनके द्वारा लगाए गए वृक्ष आने वाले पीढ़ियों के लिए लाभदायक होंगे एवं इस संदेश के साथ उन्होंने इन पौधों की देखभाल और संरक्षण का भी संकल्प लिया।कार्यक्रम में प्रभागीय निदेशक श्री अरविन्द कुमार यादव, रजिस्ट्रार प्रोटोकॉल आशीष कुमार श्रीवास्तव, उद्यान अधीक्षक उमेश उत्तम, क्षेत्रीय वन अधिकारी विभूति नारायण, डीपीओ एशा सिंह और अन्य अधीनस्थ कर्मचारी भी उपस्थित रहे।




## न्यूज झरोखा

### गणेश वंदना की प्रस्तुति ने मोहा दर्शकों का मन



**प्रयागराज।** श्रमिक बस्ती नैनी स्थित गणपति मानस पार्क में यमुनापार विशाल सांस्कृतिक गणपति महोत्सव के अंतर्गत अत्यंत सुंदर गणेश वंदना प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभाग किया । बच्चों के द्वारा संगीत एवं नृत्य के माध्यम से भगवान गणेश की वंदना की गई । प्रत्येक प्रस्तुति दर्शकों में रोमांच उत्पन्न कर रही थी । तालियों की गड़गड़ाहट से समूचा गणेश पंडाल गूंजता रहा। नैनो फर्टिलाइजर इफको ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना अमूल्य योगदान दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री श्री नरेंद्र सिंह गौड़ जी ने लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक एवं श्रद्धेय लक्ष्मण मंगरुलकर जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया । समिति ने माननीय उच्च शिक्षा मंत्री जी का माल्यार्पण कर स्वागत किया । संगीत/नृत्य शिक्षक संजय तिवारी एवं शिखा द्विवेदी ने निर्णायक की भूमिका निभाई । कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महेश मधुकर मंगरूलकर, समर बहादुर सिंह, रवि किरण सिंह, अनिल विश्वकर्मा, आर के शुक्ला, बालकृष्ण मिश्रा, राजकुमार तिवारी, राजेश सिंह, वरिष्ठ पत्रकार शिव मूरत केसरवानी, चंद्रकांत मंगरूलकर, रेखा श्रीवास्तव, उषा पांडेय, ज्योति मंगरूलकर, अलका विश्वकर्मा, जतिन ठाकुर, आनंद सिंह आदि उपस्थित रहे ।

### गणेश उत्सव में आकर्षक झाकियों ने भक्तों का मन मोहा, महापौर व महामंडलेश्वर ने गणेश जी की आरती किया



**नैनी।** नैनी क्षेत्र के शंकरढाल के समीप खुराना मार्केट में चल रहे गणेश उत्सव में मंगलवार को पूजा पंडालों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही। आयोजित उत्सव में देर शाम भगवान गणेश जी की आरती महापौर गणेश केसरवानी, किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर ने किया। वही क्षेत्र के पार्षद व व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश जायसवाल उनकी पत्नी आकांक्षा जायसवाल ने पूजा अर्चना की। इस दौरान पंडाल में उपस्थित लोगों ने गणपति बप्पा मोरया, के जय कारे लगे। ढोल की थाप और शंखनाद के बीच लोगों का उत्साह देखने लायक रहा। वही आकर्षक झांकियां भी रही, पंडाल में अच्छी खासी भीड़ जुटी रही, इस मौके पर बबलू केसरवानी विधायक, समाजसेवी राजेश साहू, टुनटुन पांडे, विनोद केसरवानी, अमित सिंह, पप्पू साहू, विशाल गुप्ता, विकास गुप्ता, रितेश गुप्ता, विजय गुप्ता, राजा केसरवानी आदि भक्तगण मौजूद रहे।

# श्रृंगवेरपुर धाम सवर्ण आर्मी का हुआ गठन, दिए गए सदस्यता प्रमाण पत्र

**आनापुर क्षेत्र के मारुफपुर स्थित जनता पैलेस में आयोजित हुआ कार्यक्रम, योग्यता एवं काबिलियत के आधार पर संगठन के पदाधिकारियों को सौंपा गया पदभार**

अखंड भारत संदेश




**लालगोपालगंज।** सशक्त संगठन ही समाज की पहचान है। एकजुटता से जहां एक ओर भाईचारा और आपसी सौहार्द को बढ़ावा मिलता है। वहीं कठिन से कठिन कार्य भी जीवन में आसान हो जाते हैं। इसी उद्देश्य से श्रृंगवेरपुर धाम सवर्ण आर्मी की प्रथम बैठक कर गठन किया गया। काबिलियत और योग्यता के आधार पर सदस्यों को पदभार भी दिया गया। दायित्व एवं जिम्मेदारी का उन्हें प्रमाण पत्र भी दिया गया। आनापुर क्षेत्र के मारुफपुर स्थित जनता पैलेस रविवार को सवर्ण आर्मी की बैठक आयोजित हुई। जिसमें समाज के भारी संख्या में लोग उपस्थित हुए। सवर्ण आर्मी की विचारधारा को जानने सुनने एवं समझने के लिए दूर दराज से लोग पहुंचे। समाज को एकजुट होने का जहां संकल्प लिया, वहीं बैठक को कुशलतापूर्वक संपन्न कराया। कार्यक्रम का आयोजन व अध्यक्षता हीरालाल तिवारी एवं मंच संचालन शिव शंकर तिवारी ने किया। जिसमें विशेष सहयोगी रोहित मिश्रा, धीरेंद्र शुक्ला, विपिन त्रिपाठी, अमित ओझा, कार्तिकेय दुबे, आकाश ओझा, ज्ञानेश तिवारी, देवेश तिवारी, मनीष द्विवेदी, मयंक मिश्र, अभिनव द्विवेदी, विनय मिश्रा, विनय सिंह, संजू मिश्रा, अनिल पांडे, प्रवीण मिश्रा, देवराज दुबे आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ठाकुर शिवम सिंह राष्ट्रीय महासचिव सवर्ण आर्मी उपस्थित हुए। प्रदेश एवं जनपद पदाधिकारी में सूर्य प्रकाश चौबे, टीपी पांडे, संतोष मिश्रा, विवेक तिवारी, मुकेश पाण्डेय आदि लोग भी उपस्थित हुए। कार्यक्रम में विशेष रूप से वर्तमान प्रधान रामदासपुर, अरविंद ओझा, ग्राम प्रधान कस्तूरीपुर, पवन शुक्ला, शिक्षक मदन मोहन शुक्ला, ऋषि मिश्रा, उदय मिश्र, दिलीप दुबे, पूर्व प्रधान पिपरौंध अभिमन्यु सिंह, उत्कर्ष मिश्रा, विनोद ओझा, शीलू शुक्ला, शिव जी तिवारी आदि लोगों ने अपना विचार व्यक्त रखा। बुजुर्गो का भी सनिध्य मिला। जिसमें नंद किशोर मिश्र, राम प्रकाश तिवारी, रमेश तिवारी, सरोज नारायण मिश्र आदि लोग उपस्थित रहे।

## ड्यूटी पर तैनात दरोगा की तत्परता से बची महिला की जान



**सोरांव।** मंगलवार को राज्यपाल आनंदी बेन पटेल प्रयागराज के दौरे पर रही। जिसमे कई जगहों पर उद्घाटन समारोह का आयोजन रहा जिसके लिए पुलिस प्रशासन की चाक चौकंद व्यवस्था थी। दोपहर करीब 2 बजे एक महिला यमुना पुल से आत्म हत्या करनें के जैसे ही यमुना नदी में छलांग लगाना चाही। वैसे ही यमुना पुल पर सुरक्षा के लिए ड्यूटी पर तैनात सोरांव के तेज तर्राक उप निरीक्षक मानवेंद्र सिंह की नजर पड़ी तत्पता दिखाते हुए महिला को पकड़ लिया। जिससे महिला की जान बच सकी। जिसकी चर्चा लोगों में रही।जानकारी के अनुसार निर्मला देवी पत्नी दिलीप कुमार निवासिनी कर्बला पुलिस चौकी पैसे के लेनदेन को लेकर ससुराल और मायके दोनो जगहों से तंग की जा रही थी। आर्थिक तंगी के कारण महिला ने यमुना नदी में आत्म हत्या करके जीवन लीला को समाप्त करना चाही। मंगलवार दोपहर में जब महिला ने आत्म हत्या करने के इरादे से जैसे ही यमुना पुल पर पहुंची और नदी में छलांग लगाना चाही वैसे ही सुरक्षा के लिए नैनी पुल पर तैनात सोरांव थाने के उप निरीक्षक मानवेंद्र सिंह और कांस्टेबल राजेश मौर्य ने पहुंचकर महिला को पकड़ लिया। जिससे मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सभी लोगों ने महिला की जान बचाने वाले दरोगा और सिपाही की खूब सराहना की।



ज्योति सिंह को सममानित करतीं राज्यपाल आनंदीबेन।

# स्वर्ण पदक से सम्मानित हुई ज्योति

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मंगलवार को पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान स्नातक में प्रो0 रज्जू भैया विश्वविद्यालय में टॉप करने पर ज्योति सिंह को गोल्ड मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान दीक्षांत समारोह में उन्हें उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन व कुलसचिव इलाहाबाद राज्य विश्व विद्यालय प्रयागराज द्वारा प्रदान किया गया। ज्योति सिंह स्थानीय तहसील के वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष कुमार सिंह की पुत्री है। गोल्ड मेडल से सम्मानित होने पर ज्योति को क्षेत्रीय लोगो के साथ अधिवक्ताओं ने बधाई दी।

## विभिन्न मांगों को लेकर आशा बहुओं ने की बैठक, दिया ज्ञापन

**पट्टी, प्रतापगढ़।** नगर के हनुमान मंदिर पर आशा बहू ने विभिन्न मांगों को लेकर बैठक की। बैठक में जल्द मांगे पूरा करने की बात कही गई। जिससे संबंधित एक ज्ञापन सीएचसी अधीक्षक को दिया गया। मंगलवार को आशा बहू ने पट्टी कस्बे के हनुमान मंदिर पर एक बैठक की। बैठक में मांग रखी गई कि जिस कार्य में उन्हें पैसा नहीं मिलता। वह कार्य उनसे ना लिया जाए। प्रधान आशा के खाते में जो पैसा आता है उसमें प्रधान आधे की मांग करते हैं, जिससे आशा परेशान है। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना का लाभ अब आंगनबाड़ी को दे दिया गया है। रात में डिलीवरी लेकर आने पर आशा बहू के रुकने की कोई व्यवस्था नहीं है, जिसकी व्यवस्था की जाए। बैठक में जिला अध्यक्ष आशा सिंह, संगिनी जिला अध्यक्ष सुमन मिश्रा, महामंत्री अशोक लता सिंह, मनीता देवी, मंजू सुमित्रा, सविता, पुष्पा, जड़ौती देवी, पूनम यादव सरोज मौर्य निर्मला देवी विमला देवी हेमा दुबे समेत तमाम आशा बहू मौजूद रही।

# संघर्षवादी सपा नेता थे रामसुंदर यादव शास्त्रीः आरके वर्मा

## बाघराय में शोक संवेदना जताने पहुंचा सपा को प्रतिनिधिमंडल

**अखंड भारत संदेश**

**बाघराय, प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी के संघर्षवादी नेता रामसुंदर यादव शास्त्री थे। उन्होंने जीवन भर समाजवादी पार्टी को बढ़ाने के लिए कार्य किया है। उनका नाम समाजसेवा व पार्टी के उत्थान के कार्य के लिए अमर हो गया। यह बातें रानीगंज विधायक डा0 आरके वर्मा ने बाघराय में सपा नेता रामसुंदर यादव शास्त्री को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि शास्त्री जी हमेशा नेता मुलायम सिंह के करीबी रहे। उन्होंने समाज में समाजवाद की अलख जगाने का कार्य किया था, उन्हें हमेशा याद किया जाता रहेगा। पूर्व विधायक नागेन्द्र सिंह यादव मुन्ना ने कहा कि शास्त्री जी ने जो समाजवाद का दीपक जलाया है, उसे जगमग जलाए रखना है। ऐसे महान नेता को शत् शत् नमन है। विधायक रामसिंह ने कहा कि सपा पूरी तरह परिवार के साथ है। पूरी रिपोर्ट राष्ट्रीय अध्यक्ष को प्रेषित करेंगे। सपा में उनके पुत्र जयसिंह अधिवक्ता को संगठन में जिम्मेदारी मिलेगी। आभार जय सिंह व कुमार विजय ने व्यक्त किया। अध्यक्षता रामखेलावन यादव व संचालन राममूर्ति यादव ने किया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष धीरज यादव, जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी व वजीर हसन, रमेश यादव व प्रधान प्रतिनिधि संतोष पाण्डेय, सत्य नारायण, ओम प्रकाश, रामदुलारे यादव, विजय यादव पट्टी, विवेक, कृष्ण कुमार, अतुल यादव, कैलाश अग्रहरि, रामदुलारे गुप्ता, दिलीप पाल, रामचरन विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।



राम सुंदर यादव के चित्र पर श्रद्धांजलि देते विधायक आरके वर्मा।

# एसटीएफ व पुलिस आरोपियों के घर पर दे रही दबिश

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** सुल्तानपुर में सर्राफा व्यवसायी भरत सोनी की दुकान पर हुई डकैती में एक लाख के इनामी बदमाश अंकित यादव के घर हरि का पूरा में सन्नाटा पसरा रहा, शनिवार की रात थाना-आसपुर देवसरा, प्रतापगढ़ पुलिस उसके घर पहुंच कर जौनपुर के रिश्तेदारों की कुंडली खंगाली पुलिस की चहल कदमी के चलते गांव के लोग भी उसके परिवार से दूरी बना लिए हैं।

परिजन भी उसकी कारतूस से नाराज हैं हरी का पुरा निवासी बाबूलाल के बड़े बेटे अंकित यादव का नाम सुल्तानपुर डकैती से जुड़ते ही उसका गांव सुर्खियों में आ गया। एक लाख का इनाम होते ही अंकित के घर पर एसटीएफ, सुल्तानपुर व प्रतापगढ़ पुलिस दबिश देने लगी। लगातार दबाव के चलते पिता गांव से बाहर चला गया अब मां निर्मला वापस आई है हालांकि वह अपने बेटे अंकित की कारतूस से काफी नाराज है शनिवार की रात एस ओ देवसरा संतोष कुमार सिंह उसके घर पहुंचे और जौनपुर समेत अन्य जनपदों में उसके रिश्तेदारों की कुंडली तैयार की। कुछ लोगों के मोबाइल नंबर भी जुटाई गई करीब दो घंटे तक पूछताछ के बाद पुलिस टीम वापस लौट आई।

# विज्ञान के क्षेत्र में उपलब्धियां भारत के लिये गौरवपूर्णः एमएलसी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज में काशी प्रान्त के तीन दिवसीय प्रान्तीय विज्ञान मेले का मंगलवार को भव्य एवं रंगारंग प्रस्तुतियों के बीच समापन हुआ। वहीं विज्ञान प्रतियोगिताओं मे अव्वल आने वाले मेधावियो को शील्ड तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समापन समारोह मे शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी तथा प्रदेश के पूर्व मंत्री प्रो. शिवाकांत ओझा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन किया।

प्रतापगढ़ समेत पडोसी सुल्तानपुर, जौनपुर एवं वाराणसी से मेधावियों ने विज्ञान मेले मे प्रतिभा का जलवा बिखेरा। भारतीय शिक्षा समिति के काशी प्रान्त के प्रदेश निरीक्षक शेषधर द्विवेदी के संयोजन में छात्र छात्राओ ने दीप मंत्र का सामूहिक वाचन किया। बतौर मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने कहा कि मेधावियों की शक्ति से आज भारत विज्ञान के क्षेत्र में पूरी दुनिया में मिसाल बन गया है। प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं विद्या मंदिर के प्रबंधक प्रो. शिवाकांत ओझा ने कहा कि विज्ञान की बदौलत भारत दुनिया में राष्ट्रीय शक्ति का गौरवगाथा निरंतर आगे बढ़ा रहा है। विज्ञान प्रश्न मंच के तहत तरूण वर्ग में सरस्वती विद्या मंदिर नैनी के हर्षित द्विवेदी, रूचि सिंह, श्रेया दुबे को प्रथम स्थान एवं किशोर वर्ग मे ज्वाला देवी सिविल लाइन्स के शाश्वत बाजपेई, अनमोल द्विवेदी, हर्षित जायसवाल एवं बाल वर्ग में इसी विद्यालय की अदिति पाण्डेय, आराध्या पाण्डेय, श्रेया शुक्ला व शिशु वर्ग में भी इसी विद्यालय के प्रशांत यादव, आस्था सिंह, दिव्यांशी यादव पुरस्कृत हुए।

विज्ञान माडल प्रदर्शन में शिशु वर्ग मे सरस्वती विद्या मंदिर विवेकानंद सुल्तानपुर के प्रखर सिंह, बाल वर्ग में रामराजी बालिका इण्टर कालेज सुल्तानपुर के कीर्ति वर्मा, किशोर वर्ग में सरस्वती विद्या मंदिर राजापुर प्रयागराज के नमन वर्मा व तरूण वर्ग में ज्वाला देवी सिविल लाइन्स के अथर्व तिवारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विज्ञान प्रयोग में शिशु वर्ग में अर्पित तिवारी, बाल वर्ग में सात्विक विश्वकर्मा, किशोर वर्ग में रागिनी यादव, तरूण वर्ग में प्रेरणा त्रिपाठी, तनु मिश्रा, बाल विक्रांत सिंह को शील्ड हासिल हुई। वहीं विज्ञान पत्रावली में शिशु वर्ग में अर्पित तिवारी, बाल वर्ग में आज्ञा उपाध्याय, किशोर वर्ग में अश्विनी पाण्डेय, तरूण वर्ग में साक्षी कुमारी को मेडल हासिल हुआ। समापन समारोह में छात्राओं ने आकर्षक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। स्वागत प्रधानाचार्य उमाशंकर मिश्र एवं आभार प्रदर्शन प्रदोष नारायण सिंह ने किया। इस मौके पर डॉ. ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी, बृजेश द्विवेदी, अभिमन्यु सिंह, उमेशपाल मिश्र, प्रमोद पाण्डेय, अनूप कुमार तिवारी, शिवानंद मिश्र, राजकुमार यादव, प्रभाकर शुक्ला, केशवराम ओझा आदि रहे।

## भव्य रंगारंग प्रस्तुतियों के बीच विज्ञान मेले का हुआ समारोहपूर्वक समापन



सफल मेधावियों को पुरस्कृत करते एमएलसी उमेश व अतिथिगण।

# विवेक ओझा बने सीबीएसई की अन्तर्राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के पर्यवेक्षक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सीबीएसई गेम्स 2024-2025 के अंतर्गत सीबीएसई क्लस्टर कबड्डी का आयोजन खरियन पब्लिक स्कूल, सिरसा, हरियाणा में किया जा रहा है। न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की चेयरपर्सन डॉ0 शाहिदा ने बतााया कि न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, प्रतापगढ के स्पोर्ट्स टीचर विवेक ओझा को सीबीएसई दिल्ली द्वारा उक्त अंतर्राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

इस अवसर पर प्रिंसिपल वीके सोनी ने बताया कि यह हमारे स्कूल के लिये हर्ष की बात है। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड हर साल सीबीएसई गेम्स ईवेंट का आयोजन करता है। विभिन्न आयु वर्ग के लिए अलग-अलग प्रकार के खेलों का आयोजन किया जाता है। स्कूल लेवल पर चयनित छात्रों को राज्य स्तर तथा राष्ट्रीय स्तर पर भी खेल-कूद में भाग लेने का अवसर मिलता है। सीबीएसई क्लस्टर गेम्स से संबंधित चयन परीक्षण को लेकर सभी स्कूलों को नोटिस जारी किया गया था। विवेक ओझा के चयन पर आर.के.सिंह, कम्प्यूटर एच.ओ.डी आदिल तथा अन्य शिक्षकों ने बधाई दी तथा कहा कि सीबीएसई द्वारा यह अवसर दिया जाना प्रतापगढ के लिए गौरव की बात है।

## न्यू एंजिल्स की चेयरपर्सन ने दी बधाई



स्पोर्ट्स टीचर विवेक ओझा को सम्मानित करतीं स्कूल की चेयरपर्सन डा0 शाहिदा।

## चोरों ने उडाये लाखों के जेवरात

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अज्ञात चोरों ने मकान में चोरी की घटना अंजाम देकर लाखों के सोने चांदी के कीमती जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। लालगंज कोतवाली के सैयद कासिमपुर गांव निवासी गया प्रसाद के पुत्र परमानंद मिश्र ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि नौ सितंबर की रात अज्ञात चोर सेंध काटकर घर में घुस गये। बदमाशों ने तीन कमरों का ताला तोडकर महिलाओं के सोने चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। मंगलवार की सुबह परिजन सोकर उठे तो कमरों मे सामान अस्त व्यस्त देख आवाक रह गये। प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव का कहना है कि घटना का शीघ्र खुलासा किया जाएगा।

# गोपालापुर में जंगली जानवर के हमले से एक बकरी मरी, दूसरी घायल

## वन विभाग जंगली जानवर की पहचान करने में जुटा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शहर के समीप कोतवाली क्षेत्र के गोपालपुर पसियान गांव में बीती रात एक जंगली जानवर ने घर के बाहर बंधी एक बकरी पर हमला कर उसे खा लिया और दूसरी बकरी को हमलाकर घायल कर दिया। बकरियों के चिल्लाने पर घरवाले उठे और बाहर निकले, तब जंगली जानवर भाग गया। घटना की सूचना पर गांव वाले तथा वन विभाग की टीम पहुंची और घटना की तहकीकात करने में जुट गई है।



जंगली जानवर के पैर के निशान की जांच करती टीम।

पूरे गांव में व आसपास यह चर्चा है कि यह जंगली जानवर कहीं भेड़िया तो नहीं। जबकि घरवालों का कहना है कि सियार जैसा दिखने वाले दो जानवरों ने बकरी पर हमला किया था। बाहर निकलने पर उनको जाते हुए हम लोगों ने देखा भी था। वन विभाग की मानें तो इस घटना में भेड़िया होने की कोई पुष्टि नहीं हुई है लेकिन पुलिस व वन विभाग हर बिन्दु पर जांच करने में जुटे हैं। बता दें कि प्रदेश के बहराइच जनपद में भेड़िये का आतंक है। इससे लोग डरे व सहमे हुए हैं लेकिन इस घटना को लेकर लोग सियार जैसे जंगली जानवर होने की चर्चा कर रहे हैं।

## जमीनी रंजिश में गिरायी दीवार, दी धमकी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जमीन की रंजिश में दीवार गिराने व धमकी देने के आरोप को लेकर पीडित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के जसमेढा गांव निवासी मुन्ना यादव पुत्र स्व. देवतादीन यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि सात सितंबर की शाम करीब छः बजे वह अपनी पुश्तैनी आबादी की जमीन पर निर्माण कार्य करा रहा था। इसी बीच परिवार के राकेश व उनकी पत्नी निशा पुत्रियां दीपिका व खुशबू तथा बबलू की पत्नी वहां पहुंचे और गालीगलौज करते हुए दीवार गिराने लगे। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए पीड़ित को दौडा लिया। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि जांच के बाद आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# गोंडे ने जीती कबड्डी और खो खो प्रतियोगिता

## रमजान और रश्मि ने सबसे तेज भरा फर्राटा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बेसिक शिक्षा परिषद के निर्देश पर मंगलवार को सदर ब्लाक में न्याय पंचायत स्तर पर आयोजित बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में बच्चों ने दमखम दिखाया। चिलबिला न्याय पंचायत के अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय गोंडे में मंगलवार को आयोजित प्रतियोगिता में गोंडे के खिलाडियों का दबदबा रहा। जूनियर और सीनियर कबड्डी, खो खो का फाइनल मैच गोंडे स्कूल की टीम ने जीता।



कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते खिलाड़ी।

सौ मीटर प्राथमिक बालक वर्ग रेस में गोंडे के रमजान प्रथम, बेनीपुर के शनि सेकेंड और भोरई के पुरवा के रेहान तीसरे नंबर पर आए। 100 मी बालिका वर्ग में गोंडे की शिवानी प्रथम, भोरई का पुरवा की प्रिया सेकंड स्थान पर आई। 200 मीटर बालक रेस में गोंडे के नाजिम प्रथम, चिलबिला के अतुल सेकंड स्थान पर आए। 200 मी बालिका में चिलबिला की रश्मि प्रथम और गोंडे की खुशी सेकंड आई। यूपीएस कबड्डी और खो खो बालक और बालिका वर्ग तथा पीएस बालक वर्ग कब्बड्डी और खो खो में गोंडे की टीम विजेता रही। संचालन अनुदेशक जय प्रकाश ने किया। मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान हरीलाल सोनकर रहे। खेल को सकुशल संपन्न कराने में राम उजागिर, दिलीप, अश्वनी, राजेश कुमार,ज्ञान प्रकाश, मनोज, जगदम्बा, रचना मेधावी आदि टीचरों का सहयोग रहा। सदर ब्लॉक के व्यायाम टीचर शैलेश सिंह ने बताया कि खेल खण्ड शिक्षा अधिकारी संतोष श्रीवास्तव के निर्देशन में हो रहा है। जिसमें खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिल रहा है। उधर पूरे माधव सिंह स्कूल में खेल का शुभारंभ सदर के खंड शिक्षा अधिकारी सन्तोष कुमार श्रीवास्तव ने बतौर मुख्य अतिथि किया। ब्लॉक व्यायाम शिक्षक शैलेश सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन किया और खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला।

## खेल में रहा गोड़े के खिलाड़ियों का दबदबा

# सचिवालय में नौकरी दिलाने के नाम पर युवक से धोखाधड़ी

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** सचिवालय में नौकरी दिलाने के नाम पर युवक से पांच लाख रुपए की धोखाधड़ी करने के आरोपों की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की गई है। कोतवाली क्षेत्र के उड़ैयाडीह के रहने वाले दुर्गेश कुमार ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि पड़ोस गांव डड़वा महोखरी के रहने वाले एक व्यक्ति ने उसे सचिवालय में नौकरी दिलाने के नाम पर पांच लाख रुपए ले लिए। जब नौकरी नहीं मिली तो पीड़ित ने अपना पैसा वापस मांगा जिस पर उक्त द्वारा फर्जी मुकदमे में फंसा देने की धमकी देते हुए पैसा देने से इनकार कर दिया। मामले की शिकायत पीड़ित ने कोतवाली पुलिस से करते हुए कार्रवाई की मांग की है। शिकायत पर कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# तीन अभियुक्तों को एसडीएम कुंडा कोर्ट ने भेजा जेल, मचा हड़कंप

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** थाना नवाबगंज पुलिस द्वारा कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने वाले तीन व्यक्तियों के विरूद्ध शान्ति भंग में निरोधात्मक कार्यवाही करने से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। नवाबगंज पुलिस की इस कारवाई से एसडीएम कुण्डा ने शांतिभंग में तीनो अभियुक्त को 14 दिन के लिए जेल भेज दिया।

पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार अपराध एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी कुण्डा अजीत कुमार सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष नवाबगंज धीरेन्द्र ठाकुर के कुशल नेतत्व में शान्ति भंग में तीनो अभियुक्तों के विरुद्ध अन्तर्गत धारा 170, 126, 135 बीएनएसएस के तहत चालान किया। उ0नि0 रमेश सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान सूचना मिलने पर कानून-व्यवस्था के दृष्टिगत शान्तिभंग में अन्तर्गत धारा 170, 126, 135 बीएनएसएस के तहत अभि0 रामप्यारे वर्मा पुत्र स्व0 रामबहादुर ग्राम वाजिदपुर थाना नवागबंज जनपद प्रतापगढ़ के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए हिरासत में ले लिया। गिरधारी लाल यादव पुत्र स्व0 सीताराम निवासी संग्रामपुर नवाबगंज जनपद प्रतापगढ व राजेश कुमार पुत्र जमुना प्रसाद निवासीगण ग्राम संग्रामपुर थाना नवाबगंज जनपद प्रतापगढ को कुंडा एसडीएम कोर्ट में पेश नवाबगंज पुलिस ने पेश किया जहा तीनो अभियुक्तों को 14 दिन के लिए जेल भेज दिया।

## तेज आवाज में बजा डीजे तो खैर नहीं

**पट्टी, प्रतापगढ़।** आगामी त्यौहारों को कुशलता पूर्वक संपन्न करने के लिए मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक पट्टी आलोक कुमार डीजे संचालकों के साथ बैठक करके सख्त निर्देश दिए। डीजे संचालकों से उन्होंने कहा कि त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने की जिम्मेदारी को आप लोग भी समझें, जिससे किसी का नुकसान ना हो और कोई परेशानी में ना पड़े। वहीं डीजे संचालकों को बारावफात के जुलूस में तेज आवाज में डीजे बजाने पर सख्त कार्रवाई के निर्देश देते हुए कोतवाल आलोक कुमार ने कहा तेज आवाज में डीजे बजा तो खैर नहीं।

# समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष की बढ़ती जा रही मुश्किलें

## अब समर्थक बोल रहे कि हो रही ज्यादती

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** सपा मुखिया के करीबी कुण्डा के यादव बन्धुओ की मुश्किलें कम होती नजर नही आ रही है। विधान सभा का चुनाव के बाद से लगातार दर्ज हो रहे मुकदमों से जहाँ अपराधिक हिस्ट्री दिनों दिन बढ़ रही है वहीं उनके कद पर भी इसका असर पड़ता दिखाई दे रहा है। वैसे तो विधान सभा का चुनवा बहुत मजबूती से लड़े किन्तु सफलता हाथ नही लगी।

उसके बाद नपं अध्यक्ष की कुर्सी हाथ से चली गयी। छविनाथ यादव अंदर तो गुलशन यादव बाहर जरूर है लेकिन आसार ऐसे बन रहे है कि वो भी अंदर जा सकते है।

दो दिन पहले पूरे खानदान (महिला-पुरुष) के विरुद्ध स्थानीय लेखपाल की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया। कल मानिकपुर पुलिस ने एक दलित की तहरीर पर दोनों बन्धुओं के साथ कुछ अज्ञात के विरुद्ध दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है। एक के बाद एक दर्ज हो रहे मुकदमे से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि आने वाले वर्षों तक यादव बन्धुओं को जेल में ही रहना होगा। हालांकि यादव बन्धुओ के विरुद्ध हो रही ताबड़तोड़ कार्यवाही से उन्हें सहानुभूति मिलने लगी है। कुछेक लोग यह कहते सुने जा रहे है कि अब यादव बन्धुओ पर ज्यादती हो रही है।

# जनपद में अवैध आरा मशीनों का संचालन हों बन्द : डीएम

## मण्डी सचिव-अजुहा एवं भरवारी द्वारा राजस्व वसूली के कार्यों में प्रगति धीमी पाये जाने एवं कार्यां में लापरवाही पर वेतन रोकने के दिये निर्देश, बाजारों में हो रहें पॉलीपीथन बिक्री पर प्रतिबन्ध लगाने के दिये निर्देश

### जिलाधिकारी ने की कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की विस्तृत समीक्षा



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई बैठक में जिलाधिकारी ने विभागवार राजस्व वसूली की प्रगति की विस्तृत समीक्षा के दौरान वाणिज्यकर विभाग, खनन, स्टाम्प व रजिस्ट्रेशन एवं परिवहन में लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में प्रगति न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को कार्ययोजना बनाकर लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को और अधिक प्रवर्तन कार्य करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने बाजारों में हो रहें पॉलीपीथन बिक्री पर प्रतिबन्ध लगाये जाने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को लगातार छापेमारी की कार्यवाही कर पॉलीथीन बिक्री पर रोक लगाने एवं राजस्व वसूली बढ़ाने के निर्देश दियें। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में किसी भी तरह के अवैध आरा मशीनों का संचालन न होने पाये। जिलाधिकारी ने मण्डी समिति की समीक्षा के दौरान मण्डी समिति-अजुहा, मंझनपुर एवं भरवारी में राजस्व वसूली कार्यों की समीक्षा के दौरान राजस्व वसूली की धीमी प्रगति पाये जाने एवं कार्यों में लापरवाही बरतते हुए पाये जाने पर मण्डी सचिव-अजुहा एवं भरवारी का वेतन रोकने के निर्देश दियें। उन्होंने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अगले माह में लक्ष्य के सापेक्ष वसूली करना सुनिश्चित करें, लक्ष्य के सापेक्ष वसूली न पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेंगी। सभी उप जिलाधिकारियों व तहसीलदारों को साप्ताहिक समीक्षा करते हुए मुख्य देय एवं विविध देय वसूली में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने आरसी वसूली की विस्तृत समीक्षा के दौरान अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सभी उप जिलाधिकारियों को आरसी वसूली में प्रगति तथा तहसील के बडे बकायेदारों की आरसी वसूली में प्रगति लाने के निर्देश दिए। इसके साथ उन्होंने राजस्व वादों के निस्तारण में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने उप जिलाधिकारियों को आईजीआरएस के अन्तर्गत प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता पूर्ण एवं समयान्तर्गत करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि आईजीआरएस के अन्तर्गत प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समयान्तर्गत सुनिश्चित किया जाय, किसी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को स्वयं देखकर उनका निस्तारण करें, किसी भी स्तर पर शिकायतों को लम्बित न रहने दें एवं शिकायतकर्ता का फीडबैक अवश्य लें। इस अवसर पर एडीएम राजस्व अरूण कुमार गोंड, एडीएम न्यायिक प्रबुद्ध सिंह एवं सभी उप जिलाधिकारीगण सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी गण रहे।

## राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी का कौशांबी में कई जगह किया स्वागत



**अझुवा कौशांबी** नव गठित राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी का कई जगह स्वागत कार्यक्रम लगा है सर्वप्रथम सुनीता सैनी ने परिजनों संग शीतला माता मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद लिया तत्पश्चात भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य के आवास कार्यालय में जाकर भेंट की है ,उपमुख्य मंत्री केशव प्रसाद मौर्य के पैतृक आवास सिराथू में परिजनों से मिलकर डिप्टी सीएम की माता जी का आशीर्वाद लिया है।उनका कार्यक्रम नगर पंचायत अझुवा अध्यक्ष के आवास पर लगा जहां नगर पंचायत की चेयर मैन शांती देवी कुशवाहा,नगर के सभासदों और सम्मानित नगर वासियों ने उनका बुके देकर उन्हें भारतीय जनता पार्टी की महिला आयोग की सदस्य बनाए जाने की बधाई दी है।कार्यक्रम में बोलते हुए वरिष्ठ समाजसेवी चेयर मैन प्रतिनिधि ओमप्रकाश कुशवाहा ने बताया सुनीता सैनी रामपुर जिले की स्वार से हैं इनका कौशांबी से गहरा नाता है धुमाई ग्राम सभा के मुराइन का पुरवा में रिश्ते का ननिहाल है जहां वह बचपन से आती जाती हैं ।इस दौरान शिव प्रताप मौर्य,रंजीत केसरवानी(दराना),व्यापार मंडल अध्यक्ष दिनेश केसर वानी , जयदेव केसरवानी,नीरज केसरवानी,रमेश केसरवानी,बड़ेलाल केसरवानी पप्पू गौतम,अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा कौशांबी अध्यक्ष अमृत लाल मौर्य,सोनू अग्रहरी,सुभाष मौर्य,सचिन मौर्य ,उमेश मौर्य,पवन मौर्य ,प्रेम जायसवाल,बबलू मौर्य, करन सिंह सहित तमाम सम्मानित लोग मौजूद रहे।शिव प्रताप मौर्य ने अपने आवास में सुनीता सैनी का परिजनों संग स्वागत कर राज्य महिला आयोग की सदस्य बनाए जाने पर बधाई दी है।

## महिला ने महिला को पटक पटक कर लात जूते से मारा पीटा

**महगाव कौशाम्बी।** संदीपनघाट थाना क्षेत्र के अलामचंद गांव में रविवार की सुबह 7 बजे एक महिला को दूसरी महिला ने जमीन में पटक पटक करके लात जूता से मारा पीटा है बीच बचाव करने पहुंची महिला के 7 वर्ष की बेटी और सास पर भी ईट पत्थर से बरसाए गए है जिससे तीनों को चोटे आई हैं मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई है आलम चन्द्र गांव की सुनीता यादव ने बताया कि वह साफ सफाई कर कूड़ा निकाल कर वापस घर लौट रही थी इसी बीच उसके गांव की दीपिका पत्नी शिव आसरे ने गाली गलौज करते हुए सुनीता को जमीन में पटक पटक कर लात घूसों से बेरहमी से मारा पीटा है सुनीता की रोने कराहने की आवाज सुनकर उसकी सास सुनीता और बेटी तानवी मौके पर पहुंची इसी बीच दीपिका का पति राम आसरे भी पहुंच गया उसने ईट पत्थर बरसाना शुरू कर दिया जिससे सुनीता यादव उसकी सास और बेटी को चोटे आई हैं मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई है और पुलिस मामले में जांच कर रही है

# भवंस मेहता विद्याश्रम का दो दिवसीय औचक निरीक्षण करने पहुँचे ज्वाइंट डायरेक्टर



**भरवारी कौशाम्बी** भारतीय शिक्षण भारती हेड ऑफिस मुंबई के ज्वाइंट डायरेक्टर श्री पॉली लोनप्पन मेंचरी का मंगलवार को भवन्स मेहता विद्याश्रम भरवारी में निदेशक संदीप सक्सेना,ट्रेजरर प्रोफेसर प्रशांत अग्रवाल के साथ आगमन हुआ जिनका भवंस मेहता विद्याश्रम के प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्र ने बुके देकर स्वागत किया तत्पश्चात बच्चों एवं अनेक शिक्षकों ने पुष्पगुच्छ देकर आए हुए अतिथियों का स्वागत किया।कार्यक्रम में श्री पॉली ने ऑफिस एवं स्कूल से जुड़ी हुई सभी चीजों का बारीकी से निरीक्षण किया इसके बाद श्री पॉली के साथ निदेशक संदीप सक्सेना प्रोफेसर प्रशांत अग्रवाल एवं प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्र ने सभी अध्यापकों के शिक्षण कार्य को बच्चों के साथ कक्षाओं में बैठकर शिक्षकों के अध्यापन को गहनता से जांच किया। इसके बाद एक मीटिंग का कार्यक्रम हुआ जिसमे प्रधानाचार्य ने साल ओढ़ाकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया,इसी क्रम में सीनियर शिक्षक सुधाकर सिंह ने मुख्य अतिथि को माला पहनाकर स्वागत किया,सीनियर शिक्षक राम सनेही श्रीवास्तव ने निदेशक एवं कोषाध्यक्ष को माला पहना कर स्वागत किया एवम शिक्षिका श्री मती रश्मि पाठक ने मोमेंटो देकर स्वागत किया। तत्पश्चात सभी अध्यापकों के साथ मुख्य अतिथि ने एक मीटिंग लिया जिसमे शिक्षा और शिक्षण तथा छात्र एवं शिक्षकों की मूलभूत समस्याएं और उनके निराकरण पर गहनता से विचार करने एवं उसे लागू करने की योजना बनाई।उन्होंने भवन्स मेहता विद्याश्रम की शिक्षा व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त देखते हुए खुशी व्यक्त किया एवम आने वाले सालों में और भी कैसे बेहतर किया जा सकता है इस पर अपनी राय दिया।मीटिंग के दौरान निदेशक कोषाध्यक्ष प्रधानाचार्य एवं एकेडमिक इंचार्ज रामसनेही श्रीवास्तव ने अपने अपने विचार वक्तव्य रखे। अंत में निदेशक एवं प्रधानाचार्य ने आए हुए समस्त अतिथियों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद व्यक्त किया।इस अवसर पर सभी शिक्षक गण एवं अन्य सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### यूथ इन एक्शन बिल्डिंग रेजिलेंस विषय पर पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन



**अझुवा कौशाम्बी** धर्मा देवी इंटर कॉलेज केन कनवार में 10 सितम्बर को राष्ट्रीय आपदा प्रबंध संस्थान आंध्र प्रदेश द्वारा यूथ इन एक्शन बिल्डिंग रेजिलेंस विषय पर पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमे विद्यालय के छात्र छात्राओं ने राष्ट्रीय आपदा से बचने हेतु बेहतरीन पेंटिंग पोस्टर बनाएं और छात्र-छात्राओं ने अपने अपने बनाए गए पोस्टर के माध्यम से आपदाओं के समय बचने बचाने के लिए लोगो को जागरूक किया, इस प्रतियोगिता मे अवनी को प्रथम स्थान, निदा अंसारी व ज्योति देवी को संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान तथा चित्रारेखा देवी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन पर धर्मा देवी कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा बनाई गई प्रतियोगिता और कलाकारी की शिक्षकों ने तारीफ की है और छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित कर उनका हौसला अफजाई किया है

### एडिशनल एसपी को बुक्का दे कर पूर्व सैनिकों ने किया स्वागत



**कौशांबी** अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह से पूर्व सैनिक कल्याण समित कौशांबी के पदाधिकारियों ने सिस्टाचार मुलाकात करते हुए नवागत एडिशनल एस पी को पुलिस कार्यालय में बुक्का दे कर स्वागत करते हुए कोतवाली प्रभारी मंझनपुर को कोतवाली ऑफिस में बुक्का भेट करके स्वागत किया दोनो अधिकारियो ने पूर्व सैनिकों से सम्मान पा कर अपने को गौरनवित महसूस करते हुए सभी पूर्व सैनिकों को अश्वासन दिया की अगर किसी पूर्व सैनिक को किसी प्रकार की कोई दिक्कत या परेशानी होती है तो कभी भी ऑफिस में आ कर अपनी समस्या बता सकता है आप लोगो की समस्या का तत्काल प्रभाव से निस्तारित किया जाएगा इस अवसर पर पूर्व सैनिक कल्याण समित कौशांबी जिला अध्यक्ष दशरथ लाल करवरिया संस्थापक शारदा प्रसाद वर्मा संगठन मंत्री सुनील कुमार मिस्त्रा अवधेश कुमार मिस्त्रा अस्वनी कुमार पांडे एवम राजेश कुमार केसरवानी उपस्थित रहे।

### कलाकार ट्रायल देकर कार्यक्रम में हो सकता है सेलेक्ट, हिंदी फिल्म में वेब सीरीज अकलमंद का ऑडिशन शुरू

**कौशाम्बी** हिंदी फिल्म में वेब सीरीज अकलमंद का ऑडिशन जनपद मुख्यालय मंझनपुर के नहर रोड में भाजपा कार्यालय के बगल में शुरू हो गया है हिंदी फिल्म में काम करने वाले कलाकारों के लिए सुनहरा मौका है मोहम्मद रफी ने बताया कि हिंदी फिल्म में वेब सीरीज अकलमंद का पहला ऑडिशन 8 सितम्बर 2024 को मंझनपुर कस्बे के नहर रोड में संपन्न हुआ और दूसरा ऑडिशन 11 सितम्बर 2024 को मॉर्निंग में 9:00 बजे से 2:00 बजे तक तय हुआ है जिसमें इच्छुक कलाकार जिनकी उम्र 18 से 45 साल मेल या फीमेल भाग ले सकते हैं अन्य जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 8948 55 0223 में संपर्क किया जा सकता है मोहम्मद रफी ने बताया कि कलाकारों का ऑडिशन चालू है कोई भी कलाकार मौके पर पहुंचकर अपना ट्रायल देकर कार्यक्रम में सेलेक्ट हो सकता है

# अपना पैसा पाने के लिए दर दर की ठोकर खाने को मजबूर निवेशक

## ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार की हुई मासिक बैठक



**नेवादा कौशाम्बी** पूरे देश मे चिटफंड कंपनियों को सरकार ने लायसेंस देकर करोड़ो लोगों के साथ ठगी हुई है ना जाने कितने निवेशक तो अपनी आत्महत्या कर जान गवां चुके हैं और कितने तो अपना घर परिवार छोंड़कर पलायन हो गये हैं लेकिन सरकार ने अभी तक कोई ठोंस कदम उठाकर बड़े बड़े ठग बेईमानो को कार्यवाही कर जेल भेजकर निवेशकों का डूबा हुआ धन दिलाने की कोशिश नही किया है गरीब निवेशक परेशान हैं और ईधर से उधर भटक रहे हैं लेकिन आज तक इनका भुगतान नही हो पाया इसी को देखते हुये निवेशकों के हित मे जिला कौशाम्बी मे ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार संगठन के जिला अध्यक्ष अयोध्या प्रसाद राय की अध्यक्षता मे दीवर कोतारी गेस्ट हाऊस मे बैठक कर सभी निवेशकों को दिशा निर्देश देते हुये बताया कि हमारे देश के प्रधानमंत्री ने देश के सभी चिट फंड कंपनियों से प्रत्येक निवेशकों का भुगतान करवाने के लिए सांसद मे सर्वसम्मति से पारित अविनियमित निक्षेप स्कीम पाबंदी अधिनियम 2019 कानून तो बना दिया परंतु उस कानून को अभी तक लागू नहीं किया गया जिससे निवेशक अपना पैसा पाने के लिए दर दर की ठोकर खाने को मजबूर है उन्होंने कहा कि संगठन मे वो ताकत है कि निवेशकों का डूबा हुआ धन वापस मिल सकता है लेकिन उसके लिये निवेशकों को संगठन के साथ आना होगा और जिला अध्यक्ष अयोध्या प्रसाद राय ने यह भी कहा कि अगर निवेशकों का डूबा हुआ धन केन्द्र व राज्य सरकार ने इन ठग ब्यईमानों से वापस नही कराया तो पूरा संगठन व निवेशक धरना पर बैठने को बाध्य हो जायेंगे और आने वाले विधानसभा चुनाव मे सरकार को अपने निवेशकों के एक एक आंसू का जवाब देंगे इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष प्रिजेश प्रताप सिंह, रामप्रकाश पाल, राजेन्द्र प्रसाद, डा. लवकुश, सत्य प्रकाश गोस्वामी, डा. गनेश प्रसाद, चन्द्रशेखर विश्वकर्मा, व अन्य निवेशक मौजूद रहे।

# शिक्षा में चुनौतियों का समाधान नवाचार के माध्यम से ही संभव : डीआईओएस

## डायट कौशांबी में नवाचार महोत्सव का समापन



**कौशाम्बी** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मंझनपुर कौशांबी में राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ के आदेश के क्रम में नवाचार महोत्सव का आयोजन किया गया। नवाचार महोत्सव के द्वितीय दिवस में जनपद कौशांबी के समस्त विकास खंडो से आए हुए प्रतिभागियों द्वारा नवाचार पर आधारित बेस्ट प्रैक्टिसेज का प्रदर्शन किया गया। नवाचार मेले में जिला विद्यालय निरीक्षक ने प्रत्येक विद्यालय के नवाचारी शिक्षकों से संवाद स्थापित कर विभिन्न प्रकार के टीएलएम के प्रयोग पर बल दिया। शिक्षक बिना समाज का निर्माण संभव नहीं है। प्रत्येक शिक्षक को नवाचार करते समय धैर्य बनाए रखना चाहिए ।अपने गीत नदिया धीरे-धीरे बहना के माध्यम से शिक्षकों को प्रेरित किया एवं गणितीय संक्रियाओं की अवधारणा को भी स्पष्ट किया। वित्त एवं लेखाधिकारी विनय प्रजापति द्वारा सभी प्रतिभागियों को यह स्पष्ट किया गया कि हम नवाचार तो करते रहे किंतु हमारी पुरानी शिक्षक पद्धतियां जो हमारे आज की शिक्षा में आ रही समस्याओं को सुलझाने में बेहतर मददगार है उनका भी प्रयोग शिक्षण में लगातार करते रहें कार्यक्रम में उपस्थित प्राचार्य उप शिक्षा निदेशक जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सुश्री निधि शुक्ला ने कहा कि शिक्षक निरंतर किए जाने वाले नवाचारों को विद्यालय स्तर पर प्रसारित करते रहें जिससे कि सभी हितधारको को इसका यथोचित लाभ मिल सके। कार्यक्रम में देवखरपुर राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राजू यादव भी मौजूद रहे उन्होंने कहा कि हमें निपुण निपुण लक्ष्यो को प्राप्त करने के लिए निरंतर पुरजोर कोशिश करने की आवश्यकता है तथा सभी को मिल जुल कर समेकित रूप से प्रयास करना होगा। महोत्सव में जनपदों से आए हुए विभिन्न नवाचारों में से उत्तम कोटि के नवाचारों का मूल्यांकन भी किया गया इस हेतु राजकीय महामाया महाविद्यालय ओसा से डॉ0 तरित अग्रवाल, राजकीय इंटर कॉलेज अर्का महावीरपुरम के प्रधानाचार्य विनोद कुमार सिंह तथा राजकीय इंटर कॉलेज देवखरपुर से बी मिश्रा निर्णायक मंडल के सदस्य के रूप में रहे। मेले में शिक्षा से जुड़े सभी हितधारकों ने मेले में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

सभी प्रतिभागियों से शिक्षण अधिगम सामग्री टीएलएम के विषय में विस्तृत जानकारी प्राप्त की कि किस प्रकार यह शैक्षिक अधिगम में सहायक है जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि हमें मिलजुल कर एक टीम के रूप में प्रयास करने की आवश्यकता है बिना टीम वर्क के कोई भी कार्य संभव नहीं हो सकता साथ ही साथ उन्होंने बहुत ही कम समय में बहुत अच्छा महोत्सव संपन्न करवाने के लिए डाइट प्राचार्य को बधाई भी दी उक्त महोत्सव के समन्वयक डॉक्टर संदीप तिवारी, कौशलेंद्र मिश्रा, सुरेश चंद्र मिश्र, राजेंद्र भारती तथा शबनम सिद्दीकी समेत सभी प्रवक्ताओं ने अपना सक्रिय योगदान दिया। कार्यालय के विभिन्न कर्मचारी तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी समेत सभी डीएलएड प्रशिक्षुओ ने अपना योगदान दिया।

# रिद्धि सिद्धि अकादमी में डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन एकेडमिक कोचिंग और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का शुभारंभ



**भरवारी कौशाम्बी** रिद्धि सिद्धि अकादमी भरवारी, जो शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता का प्रतीक है, ने आज अपनी अत्याधुनिक डिजिटल लाइब्रेरी का विधिवत उद्घाटन किया। इस विशेष अवसर पर संस्थान के चेयरमैन संजय कुमार गुप्ता की पुत्रियां रिद्धि सिद्धी के कर कमलों से डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन हुआ अपने संबोधन में चेयरमैन निवर्तमान विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने कहा कि डिजिटल लाइब्रेरी का उद्देश्य छात्रों को नवीनतम और व्यापक अध्ययन सामग्री, ई-पुस्तकें, शोध पत्र और ऑनलाइन संसाधनों तक सरल और सुलभ पहुंच प्रदान करना है, जिससे उनकी शैक्षणिक यात्रा को अधिक प्रभावी और समृद्ध बनाया जा सके।इसके साथ ही अकादमी ने एकेडमिक कोचिंग और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के कार्यक्रम की भी शुरूआत की है। इस पहल के तहत, छात्रों को पुलिस आर्मी एसएससी जीडी बैंकिंग रेलवे टेट,र- टेट और अन्य प्रतिष्ठित सरकारी और निजी क्षेत्र की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विशेषज्ञ शिक्षकों और नवीनतम शिक्षण तकनीकों का लाभ मिलेगा। नया बैच की शुरूवात 17 सितंबर 2024 से हो रही है रिद्धि सिद्धि अकादमी का यह प्रयास छात्रों को न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगा, बल्कि उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने और उनके उज्ज्वल भविष्य को आकार देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। संस्थान की निदेशक श्रीमति सीमा पवार ने इस अवसर पर कहा कि डिजिटल लाइब्रेरी और नई कोचिंग योजनाओं के माध्यम से छात्रों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने का हमारा सपना साकार हो रहा है।इस अवसर पर रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की वाइस चेयरपर्सन श्रीमती सपना गुप्ता प्रेमचंद्र गुप्ता डिप्टी डायरेक्टर डॉक्टर मयंक मिश्र अकादमी डायरेक्टर सुभाष शुक्ला विजय कुलदीप निशांत सरिता आदि समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

## भाई के हिस्से के जमीन पर भाई कर रहा जबरिया कब्जा

**कौशांबी** चायल तहसील क्षेत्र में जमीनी विवाद के मामले में न्याय के लिए लोग दर-दर भटक रहे हैं लेकिन राजस्व से लेकर पुलिस तक जमीनी विवाद का निपटारा नहीं कर रही है जिससे लोग परेशान दिखाई पड़ रहे हैं एक भाई अपने भाई के हिस्से की जमीन पर जबरिया कब्जा कर रहा है पीड़ित अधिकारियों के चौखट पर दौड़ रहा हैं लेकिन न्याय मिला नही रहा हैं पीड़ित थाना पुलिस से लेकर उपजिलाधिकारी चायल तक प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगा चुका हैं लेकिन भाई-भाई का विवाद कहकर पुलिस और अधिकारी मामले को टाल मटोल कर रहे हैं जबकि भाई भाई के पीछे महाभारत हो चुका है जानकारी के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के बाबा तारा गांव के निरंजन लाल सरोज पुत्र स्व रघुनाथ ने जिला अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि मेरा और मेरे भाई मोहन लाल सरोज का बटावर हो चुका हैं लेकिन इसमें भाई को अपने हिस्से के जमीन पर जब पेट नहीं भर रहा तो हमारे हिस्से के जमीन में जबरन कब्जा करना चाहते हैं पीड़ित अधिकारियों के चौखट पर दौड़ रहा हैं लेकिन न्याय नहीं मिल पा रहा हैं

# लावारिश बाइक में मिला नशीला पदार्थ व नशीला इंजेक्शन

## पूरे प्रकरण में लीपापोती करने में लगी चौकी पुलिस लोधउर



**नेवादा कौशाम्बी** पिपरी थाना अन्तर्गत एक गांव के पास सोमवार को बाजरे के खेत मे मिली लावारिश बाईक में नशीला इंजेक्शन और नशीला पदार्थ मिला है लेकिन चौकी पुलिस पूरे मामले में लीपापोती करने में लगी है चौकी पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से छानबीन कर बाइक स्वामी का पता लगा लिया है खेत में मिली लावारिस बाइक के पीछे बड़ी कहानी की चर्चा है। जानकारी के मुताबिक पिपरी थाना के लोधउर चौकी अन्तर्गत दुगार्पुर गांव के समीप बाजरे के खेत मे एक बाईक पैशन प्रो यूपी 70 डी जे 3736 लावारिश रुप मे किसानो ने पड़ी देखा देखते ही किसानो ने डायल 112 को सूचित किया मौके पर डायल 112 की पुलिस ने पहुंचकर नजदीकी चौकी पुलिस को सूचित करते हुये बाईक को चौकी ले गये बताया जाता है कि खेत मे पड़ी बाईक मे कुछ नशीला पदार्थ एवं कुछ नशीला इंजेक्शन मिला है लेकिन सोमवार को ही सुबह लगभग सात बजे एक ब्यक्ति इसी थाना क्षेत्र के औधन गांव से लोधउर की तरफ जा रहा था जो काफी हड़बड़या हुआ भाग रहा था जिसके कुछ कपड़े भी गिर गये थे जिसको ग्रामीणों की मदद से चौकी पुलिस ने छानबीन करते हुये पूंछतांछ करने व जेब मे पड़े मोबाईल के जरिये करछना के गौहनिया प्रयागराज निवासी राजेश बिंद के रुप मे बताया गया है राजेश बिंद के परिजनो ने बताया कि राजेश का मानसिक संतुलन ठीक नही है लेकिन अगर मानसिक संतुलन ठीक नही है तो नशीला पदार्थ व नशीला इंजेक्शन इसके बाइक में कहां से आया और किसने दिया यह गंभीर जांच का विषय है फिलहाल परिजन अपने साथ राजेश को घर बुला ले गये लेकिन चौकी पुलिस इस प्रकरण मे पता लगाने पर भी कोई जानकारी देने से कतराती रही जिससे चौकी पुलिस पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं कि आखिर प्रत्येक मामले को छिपाकर चौकी इंचार्ज क्या महारत हासिल करना चाहते हैं।

## सम्पादकीय

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विचारों पर टिप्पणी

**कांग्रेस** सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर भाजपा एक बार फिर हमलावर हो गई है। राहुल गांधी इस समय अमेरिका की यात्रा पर हैं। इस दौरान टेक्सास प्रांत के डलास शहर में भारतीय समुदाय और टेक्सास विश्वविद्यालय के छात्रों को संबोधित करते हुए जो विचार राहुल गांधी ने रखे, वो भाजपा को नागवार गुजर रहे हैं। लिहाजा एक बार फिर राहुल गांधी को देशविरोधी, देशद्रोही, भारत का अपमान करने वाला, आदि कहा जा रहा है। दरअसल श्री गांधी ने अपने संबोधनों में भारत के विचार को केंद्र में रखते हुए कुछ महत्वपूर्ण बिंदु उठाए। इसके साथ ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विचारों पर भी टिप्पणी की, यही बात भाजपा नेताओं को इतनी खटक गई कि देश में निर्वाचित सांसद और नेता प्रतिपक्ष को देशविरोधी कहा गया।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारतीय समुदाय के बीच अपने संबोधन में कहा कि उनकी भूमिका भारतीय राजनीति में प्रेम, सम्मान और विनम्रता के मूल्यों को स्थापित करने की है। उन्होंने माना कि लगभग सभी दलों में प्रेम, सम्मान और विनम्रता का अभाव नजर आता है और इसे ही दूर करने में अपनी भूमिका को उन्होंने रेखांकित किया। उन्होंने धर्म, जाति, समुदाय, राज्य या भाषा के बंधनों से परे सभी से प्रेम की जरूरत पर बल दिया, इसके साथ ही कहा कि हर उस व्यक्ति का सम्मान होना चाहिए जो भारत का निर्माण करने का प्रयास कर रहा है। विनम्रता केवल दूसरों में नहीं, बल्कि स्वयं में होनी चाहिए। राहुल गांधी ने ये भी कहा कि, आरएसएस मानता है कि भारत एक विचार है। हम मानते हैं कि भारत विचारों की विविधता वाला देश है। हम अमेरिका की तरह मानते हैं कि हर किसी को सपने देखने का अधिकार है, सबको भागीदारी का मौका मिलना चाहिए और यही लड़ाई है।

राहुल गांधी ने भारतीय परंपरा के मूल्यों के साथ-साथ संविधान की महत्ता को स्थापित किया, क्योंकि संविधान भी एक की नहीं, अनेकता में एकता की बात करता है। लेकिन भाजपा ने इस भाषण पर राहुल गांधी को घेर लिया। भाजपा सांसद गिरिराज सिंह ने कहा कि आरएसएस को जानने के लिए राहुल गांधी को कई जन्म लेने पड़ेंगे। कोई देशद्रोही आरएसएस को नहीं जान सकता। जो विदेशों में जाकर देश की निंदा करे वो आरएसएस को नहीं जान सकता। लगता है कि राहुल गांधी भारत को बदनाम करने के लिए ही विदेश जाते हैं। भाजपा सांसद के इस तिलमिलाहट भरे प्रत्युत्तर से कुछ सवाल उपजते हैं। जैसे, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर की गई किसी टिप्पणी पर संघ की ओर से बयान आने से पहले ही भाजपा क्यों जवाब दे रही है। राहुल गांधी अगर भारत में कई विचारों के सम्मान की बात करते हैं, तो भाजपा को यह बात क्यों नागवार गुजर रही है। क्या भाजपा यह मानने लगी है कि भाजपा और संघ का साथ देना देशप्रेम है और अभिव्यक्ति की आजादी के अंतर्गत अपने विचारों को प्रकट करना देशविरोधी गतिविधि है।

बहरहाल, राहुल गांधी ने टेक्सास विश्वविद्यालय के छात्रों से बातचीत के दौरान बेरोजगारी दूर करने के जो तरीके बताए या भारत में उत्पादन गति धीमी होने और चीन के इस मामले में आगे निकलने के जो बयान दिए।

# घुटती सांसों से कम होती औसत आयु की चिन्ता

**-ललित गर्ग -**

**वायु** प्रदूषण का संकट भारत की राष्ट्रव्यापी समस्या है। यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो की हाल ही में जारी रिपोर्ट इस चिन्ता को बढ़ाती है जिसमें कहा गया कि वायु प्रदूषण के चलते भारत में जीवन प्रत्याशा में गिरावट आ रही है। जिसमें फेफड़ों को नुकसान पहुंचाने वाले पी.एम. 2.5 कण की बड़ी भूमिका है। रिपोर्ट बताती है कि वैश्विक मानकों से कहीं अधिक प्रदूषण भारत में लोगों की औसत आयु तीन से पांच वर्ष एवं दिल्ली में दस से बाहर वर्ष कम कर रहा है। बहरहाल प्रदूषण के खिलाफ योजनाबद्ध ढंग से मुहिम छेड़ने की जरूरत है। अध्ययन कहता है कि देश की एक अरब से अधिक आबादी ऐसी जगहों पर रहती है जहां प्रदूषण डब्ल्यूएचओ के मानकों से कहीं अधिक है। दरअसल, देश के बड़े शहर आबादी के बोझ से त्रस्त हैं। बढ़ती आबादी के लिये रोजगार बढ़ाने व अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए जो औद्योगिक इकाइयां लगायी गई, उनकी भी प्रदूषण बढ़ाने में भूमिका रही है। डीजल-पेट्रोल के निजी वाहनों को बढ़ता काफिला, निर्माण कार्यों में लापरवाही, कचरे का निस्तारण न होना और जीवाश्म ईंधन ने प्रदूषण बढ़ाया है। यह बढता वायु प्रदूषण हमारी जीवन शैली से उपजे प्रदूषण की देन भी है।

यह निराशाजनक खबरों के बीच उत्साहवर्धक खबर यह भी है कि भारत में सूक्ष्म कणों से पैदा होने वाले जानलेवा प्रदूषण में गिरावट आई है। लेकिन अभी जीवन प्रत्याशा घटाने वाले प्रदूषण को लेकर जारी लड़ाई खत्म नहीं हुई है। यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो के एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूट की रिपोर्ट ह्यवायु गुणवत्ता जीवन सूचकांक-2024ह्ल बताती है कि भारत में साल 2021 की तुलना में 2022 के वायु प्रदूषण में 19.3 फीसदी की कमी आई है। हालांकि, यह उपलब्धि मौजूदा हालात में बहुत बड़ी तो नहीं कही जा सकती है, लेकिन यह बात उत्साहवर्धक है कि प्रत्येक भारतीय की जीवन प्रत्याशा में इक्यावन दिन की वृद्धि हुई है। हालांकि, हम अभी विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों की कसौटी पर खरे नहीं उतरे हैं, लेकिन एक विश्वास जगा है कि युद्ध स्तर पर प्रयासों से भयावह प्रदूषण के खिलाफ किसी हद तक जंग जीती भी जा सकती है। लेकिन इसके साथ ही सूचकांक-2024 में यह चेताया भी है कि यदि भारत में डब्ल्यूएचओ के वार्षिक पीएम 2.5 के सांद्रता मानक के लक्ष्य पूरे नहीं होते तो भारतीयों की जीवन प्रत्याशा में करीब साढ़े तीन साल की कमी आने की आशंका पैदा हो सकती है। पीएम 2.5 श्वसन प्रणाली में गहराई तक प्रवेश कर सकता है और सांस संबंधी समस्याओं को जन्म देता है। यह स्वास्थ्य को एक बड़ा खतरा है और वायु प्रदूषण का एक प्रमुख कारक है।

हालांकि, राजधानी समेत कई अन्य राज्यों में मेट्रो ट्रेन शुरू होने के बाद प्रदूषण में काफी कमी आई है। इस दिशा में हमें दीर्घकालीन नीतियों के बारे में सोचना होगा। हमारी कोशिश हो कि घनी आबादी के बीच चलायी जा रही औद्योगिक इकाइयों को शहरों से दूर स्थापित किया जाए। हमारे उद्यमियों को भी जिम्मेदार नागरिक के रूप में प्रदूषण नियंत्रण में योगदान देना चाहिए। नीति-नियंताओं को सोचना चाहिए कि प्रदूषण में अप्रत्याशित वृद्धि के बाद दिल्ली आदि महानगरों में चलाये जाने वाले ग्रेडेड रेस्पॉन्स एक्शन प्लान यानी ग्रेप जैसी व्यवस्था को नियमित रूप से लागू क्यों नहीं किया जा सकता? ताजा कुछ अध्ययनों में बताया गया है कि बढ़ता प्रदूषण नवजात शिशुओं तथा बच्चों की जीवन प्रत्याशा पर बुरा प्रभाव डाल रहा है। ऐसे में हमें पराली के निस्तारण, औद्योगिक कचरे के नियमन तथा कार्बन उत्सर्जन करने वाले ईंधन पर रोक लगाने जैसे फौरी उपाय तुरंत करने चाहिए। ऐसे तमाम प्रदूषण स्त्रोतों को नियंत्रित करने की जरूरत है जो हमारे जीवन पर संकट पैदा कर रहे हैं। अध्ययन कहता है कि भारत के सबसे कम प्रदूषित शहर भी डब्ल्यूएचओ के निर्धारित मानकों से सात गुना अधिक प्रदूषित हैं। हम न भूलें कि देश की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की



गिनती लगातार दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानियों में होती रही है। दीवाली के बाद जब दिल्ली गहरे प्रदूषण के आगोश में होती है तो कोर्ट से लेकर सरकार तक अति सक्रियता दर्शाते हैं। लेकिन थोड़ी स्थिति सामान्य होने पर परिणाम वही ह्यढाक के तीन पातह्ल। कभी पेट्रोल-डीजल के नये मानक तय होते हैं तो कभी जीवाश्म ईंधन पर रोक लगती है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने वर्ष 2019 में प्रदूषण कम करने को राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम देश के सौ से अधिक शहरों में शुरू किया था। चार साल बाद पता चला कि किसी भी शहर ने अपने लक्ष्य को पूरा नहीं किया। विकासशील देश पहले ही निर्धारित वायु गुणवत्ता के मानक पूरा नहीं कर पा रहे हैं, वहीं डब्ल्यूएचओ ने मानकों को और कठोर बना दिया है। सभी सरकारों व नागरिकों का दायित्व बनता है कि अपने-अपने स्तर पर प्रदूषण को कम करने वाली जीवन शैली अपनाएं। हमें यह भी ध्यान रखना होगा कि पूरी दुनिया में सत्तर लाख मौतें हर साल प्रदूषित वायु के चलते हो रही हैं। उल्लेखनीय है कि भारत के राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानक के अनुसार हवा में पीएम 2.5 और पीएम 10 के वार्षिक स्तर की सुरक्षित सीमा क्रमशः चालीस माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर और साठ माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर होनी चाहिए। हालांकि, ये मानक विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिशानिर्देशों के अनुसार निर्धारित मानकों से कहीं ज्यादा हैं। दरअसल, हमारे नीति-नियंता प्रदूषण कम करने के लिये नागरिकों को जागरूक करने में भी विफल रहे हैं। हमारी सुख-सुविधा की लालसा एवं भौतिकतावादी जीवनशैली की चमक ने भी वायु प्रदूषण बढ़ाया है। अब चाहे गाहे-बगाहे होने वाली आतिशबाजी हो, प्रतिबंध के बावजूद पराली जलाना हो, या फिर सार्वजनिक परिवहन सेवा से परहेज हो, तमाम कारण प्रदूषण बढ़ाने वाले हैं। कल्पना कीजिए बच्चों और दमा, एलर्जी व अन्य सांस के रोगों से जूझने वाले लोगों पर इस प्रदूषण का कितना घातक असर होगा?

रिपोर्ट में उल्लेखित प्रदूषण में आई गिरावट की वजह अनुकूल मौसम संबंधी परिस्थितियां बतायी गई हैं। हालांकि, हकीकत यह भी है कि प्रदूषण नियंत्रण के लिये चलायी जा रही कई योजनाओं के सकारात्मक परिणामों का भी इसमें योगदान रहा है। खासकर भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के तहत जिन शहरों को शामिल किया गया था, वहां भी पीएम-2.5 सांद्रता में गिरावट देखी गई है। वहीं स्वच्छ ईंधन कार्यक्रम का सकारात्मक प्रभाव प्रदूषण नियंत्रण पर नजर आया है। इससे भारत के रिहाइशी इलाकों में कार्बन उत्सर्जन कम करने में मदद मिली है। ऐसी योजनाओं को पूरे देश में लागू करने का सुझाव भी दिया गया है। बहरहाल, हमें वर्ष 2022 के उत्साहजनक परिणामों के सामने आने के बाद व्यापक लक्ष्यों के प्रति उदासीन नहीं होना है। यह एक लंबी लड़ाई है और इसमें सरकार व समाज की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। हमें इस भ्रम में नहीं रहना चाहिए कि सरकारों के भरोसे ही लगातार गहराते पर्यावरण प्रदूषण पर नियंत्रण किया जा सकता है।

निश्चित ही वायु प्रदूषण से उत्पन्न दमघोटू माहौल का संकट जीवन का संकट बनता जा रहा हैं। वायु प्रदूषण का ऐसा विकराल जाल है जिसमें मनुष्य सहित सारे जीव-जंतु फंसकर छटपटा रहे हैं, जीवन सांसों पर छाये संकट से जूझ रहे हैं। यह समस्या साल-दर-साल गंभीर होती जा रही है। सरकारें अनेक लुभावने तर्क एवं तथ्य देकर समस्या को कमतर दिखाने की कोशिशें करती है। लेकिन हकीकत यही है कि लोगों का दम घुट रहा है। अगर वे सचमुच इससे पार पाने को लेकर गंभीर हैं, तो वह व्यावहारिक धरातल पर दिखना चाहिए। प्रश्न है कि पिछले कुछ सालों से लगातार इस महासंकट से जूझ रहे राष्ट्र को कोई समाधान की रोशनी क्यों नहीं मिलती? वास्तव में यह विभिन्न राज्य सरकारों का गैर जिम्मेदाराना व्यवहार है, जिसने सबको जहरीले वायुमंडल में रहने को विवश किया है। इस विषम एवं ज्वलंत समस्या से मुक्ति के लिये हर राजनीतिक दल एवं सरकारों को संवेदनशील एवं अन्तर्दृष्टि-सम्पन्न बनना होगा। प्रदूषण से ठीक उसी प्रकार लड़ना होगा जैसे एक नन्हा-सा दीपक गहन अंधेरे से लड़ता है। छोटी औकात, पर अंधेरे को पास नहीं आने देता। क्षण-क्षण अग्नि-परीक्षा देता है। पर हां! अग्नि परीक्षा से कोई अपने शरीर पर फूस लपेट कर नहीं निकल सकता।

# मंगेश यादव के कथित एनकाउंटर के बाद उपजे जनता के गुस्से को जैसे अखिलेश ने स्वर

**- शकील अख्तर**

**सबसे अच्छी** बात यह है कि जैसे मोदी की छवि के सामने बीजेपी और एनडीए के सब नेताओं की छवि दब गई वैसा विपक्ष में नहीं हो रहा।

राहुल की अखिल भारतीय छवि के सामने यूपी में अखिलेश यादव की छवि पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ा उल्टे वह और चमक गई। बाकी राज्यों में भी ऐसा ही हुआ। हर राज्य में इंडिया गठबंधन का नेता राहुल के साथ खड़ा होकर एक और एक ग्यारह हो गए।

ताजा मिसाल यूपी की है। वहां मंगेश यादव के कथित एनकाउंटर के बाद उपजे जनता के गुस्से को जैसे अखिलेश ने स्वर दिया उससे लोगों को मुलायम सिंह के उन तेवरों की याद आ गई जब उन्होंने यूपी में एक अखबार के खिलाफ हल्ला बोल आंदोलन शुरू कर के यूपी के उस सबसे बड़े अखबार को झुकने के लिए मजबूर कर दिया था। 30 साल पहले। बात 1994 की है। अखबार को माफी मांगना पड़ी थी।

आज अखिलेश के तेवरों में लोग वही मुलायम सिंह देख रहे हैं। जिनके बारे में कहा जाता था जिसका जलवा कायम है उसका नाम मुलायम है! अब इनका जलवा अखिलेश में ट्रासंफर हो गया लगता है।

जिस कड़े और तार्किक अंदाज में अखिलेश ने इस एनकाउंटर के बारे में सवाल पूछे उससे लोगों को भरोसा हो गया कि अब यूपी में फर्जी एनकांउटर और बुलडोजर के खिलाफ एक मजबूत आवाज पैदा हो गई है। और फिर इसमें नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आवाज मिला देने से यूपी में उम्मीद की आस और तेज हो गई है। सवाल सिर्फ फर्जी एनकाउंटर और बुलडोजर चला देने का नहीं है। यूपी में और सब जगह जहां डबल इंजन की सरकारें हैं वहां सिर्फ दिल्ली से बजाए जा रहे हिन्दू-मुस्लिम राग को ही रिप्ले किया जा रहा है। जैसे मोदी सरकार जनता का कोई काम नहीं कर रही है हर समस्या का जवाब एक नए जुमले से देती है। वैसे ही भाजपा शासित राज्य कर रहे हैं।

पहले दस साल हिन्दू-मुसलमान का राग बजाया गया। मगर लोकसभा चुनाव में नहीं चला तो अब विभाजन को नए स्तर पर ले आए हैं। यूपी में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। 66 सीटें घटकर 33 रह गईं। तो अब यूपी में मुसलमानों के बाद यादवों को टारगेट किया जाने लगा। अगर व्यापक अर्थों में देखा जाए तो अखिलेश के सफल सामाजिक समूह पीडीए को। पी से पिछड़ा। जिस का नाम पहले मुख्यमंत्री ने विधानसभा में लिया। एक यादव एक मुसलमान का। लखनऊ में बरसात के पानी को भीड़ द्वारा लोगों पर उछालने के मामले में पुलिस ने कई



लोगों को आरोपी बनाया। एक दर्जन से ज्यादा। मगर मुख्यमंत्री योगी ने सिर्फ दो नाम लिए। और उन पर व्यंग्य करते हुए इसे सद्भावना (मुस्लिम यादव की) बताते हुए कहा कि इन पर सद्भावना एक्सप्रेस चलाई जाएगी।

मगर मामले में ट्विस्ट तब आया कि जमानत होने के बाद पवन यादव ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मिलकर कहा कि वह तो घटना स्थल पर था ही नहीं। यादव होने के नाते मुझे फंसाया गया। ऐसा ही उसने मुसलमान लड़के के बारे में बताया कि वह भी वहां नहीं था। अखिलेश ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा था कि हम इस मामले को भूलेंगे नहीं। और पवन यादव के बहाने सब यादवों पिछड़ों से कहा था कि तुम भी मत भूलना।

तो यह पिछड़े का मामला मंगेश यादव के कथित एनकाउंटर के बाद और गहरा गया। अखिलेश का सीधा आरोप है कि इस मामले में शामिल मुख्य आरोपी को पुलिस ने सरेंडर करवा लिया। बाकी जिन को पकड़ा उनके पांव को छूती हुई गोली मारकर एनकाउंटर बताया। और रात को घर से मंगेश यादव को ले जाकर उसके सिर से सटाकर गोली मारी गई। परिवार वालों ने कहा बहुत मारा है। चेहरा पूरा खराब हो गया। वीभत्स। देखा नहीं जा सकता। अखिलेश ने फोन पर परिवार से बात की।

यह मामला सुल्तानपुर में पड़ी एक डकैती का है। अखिलेश बहुत तीखे सवाल पूछ रहे हैं। उनके पास सूचनाएं आ रही हैं। जब विपक्ष का नेता मजबूत होने लगता है तो अफसरशाही उससे जुड़ने लगती है। अखिलेश ने पूछा कि डकैती का माल कहां है? अगर सारे अपराधी पकड़े गए एक यादव को मार दिया तो करोड़ों रुपए के स्वर्ण आभूषण कहां हैं? वह बरामद क्यों नहीं हुए? पीड़ित ज्वेलर भरतजी सोनी का कहना है कि अभी तक केवल दस प्रतिशत गहनों की ही रिकवरी हुई है। वह भी केवल चांदी के। सोने के जेवर नहीं मिले।

पुलिस अब बता रही है कि मंगेश यादव पर इतने केस थे। मगर जौनपुर के उसके गांव में उसका मकान एक झोंपड़ी है। उसकी तस्वीर तक घर के बाहर रखी गई है। गरीब परिवार। यह पी ज्यादा लंबा हो गया। है भी पिछड़ों की तादाद सबसे ज्यादा। राहुल इन्हीं की गिनती करवाना चाहते हैं। ताकि सरकारी योजनाओं में इन्हें लाभ मिल सके। जितनी आबादी उतना हक। राहुल की जाति गणना देश का पूरा सामाजिक चरित्र बदल देगी। पिछड़ों को फिर इस तरह जुल्म का शिकार नहीं बनाया जा सकेगा। आज समाज में पिछड़ों के लिए एक से एक गंदी गालियां हैं। मुहावरों, कहावतों के तौर पर। ... बिना गुनाहम पांच पनाहम! पनहा यानि जूते। इस कहावत के पहली लाइन में कई पिछड़ी जातियों के नाम लिए जाते हैं। आम कहा जाता है कि बिना अपराध के मारो!

अखिलेश के पीडीए में दूसरा अक्षर है डी। डी यानि दलित। जिसे सबसे ज्यादा गालियां दी जाती हैं। यूपी में इनके नाम पर मायावती ने लंबी राजनीति की। चार बार मुख्यमंत्री बनीं। मगर दलितों को सबसे बड़ा धोखा भी इन्होंने ही दिया। खुद को ईडी सीबीआई इनकम टैक्स से बचाने के लिए मोदी के साथ चली गईं। केन्द्र में और यूपी में दोनों जगह भाजपा की सरकार है। मगर वे हर जगह सपा और कांग्रेस का दोष बताती हैं। हाथरस में दलित लड़की के साथ भयानक बलात्कार हुआ। रातों-रात पुलिस ने उसका शव जला दिया। और आरोपियों के समर्थक लड़की के घर बाहर घेराव करके बैठ गए।

राहुल गांधी को एक बार जाने नहीं दिया। रास्ते से वापस आना पड़ा। मगर वे तो राहुल हैं। जो ठान लेते हैं तो कर के ही मानते हैं। दूसरी बार फिर निकले। पुलिस ने धक्का देकर गिरा दिया। उठे और फिर चल दिए। पहुंचे। लेकिन मायावती एक बार भी नहीं गईं। दलित अत्याचार की और भी कई भयानक घटनाएं हुईं। राहुल प्रियंका हर जगह पहुंचे। मगर दलित जिन्हें सम्मान से बहिन जी कहते हैं किसी के आंसू पोंछने नहीं गईं। और इस समय हो रही घटनाओं के लिए वे सपा और कांग्रेस को दोषी ठहराती रहीं। अपने घर बैठ कर। जिसे अब दलित भी गुस्से में महल कहने लगे हैं। और इसी गुस्से में इस बार वे मायावती के साथ न जाकर अखिलेश और राहुल के इंडिया गठबंधन के साथ चले गए। यूपी में यही मायावती और भाजपा को बड़ी चोट लगी। और अखिलेश के पी, पिछड़े के साथ डी दलित भी कामयाब हो गया।

पीडीए में तीसरा है अल्पसंख्यक। भाजपा की राजनीति का मुख्य आधार। पिछले दस साल से मुसलमान के खिलाफ नफरत फैलाकर ही मोदी हिन्दुओं का ध्रुवीकरण करते रहे हैं। सारी लिंचिंग और बुलडोजर की कार्रवाइयां उसके ही खिलाफ हुई हैं। यूपी में ही नफरत और फैलाने एवं विभाजन को और तीखा करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी इतने आगे तक चले गए कि श्मशान और कब्रिस्तान की तुलना करने लगे। और इस लोकसभा चुनाव में यहां तक कह गए कि हिन्दुओं से छीन लेंगे और मुसलमानों को देंगे। मगर दस साल में मुसलमान किसी भड़कावे में नहीं आए। मामलों को बच्चों के स्तर तक ले गए।

अभी यूपी में ही एक सात साल के मुस्लिम बच्चे को प्रिंसीपल आतंकवादी कह कर स्कूल से निकाल देता है। और उससे पहले एक महिला शिक्षिका एक मुसलमान बच्चे के गाल में दूसरे बच्चे से थप्पड़ पड़वाती है। कितनी घटनाएं हैं। मगर मुसलमान लोकतांत्रिक व्यवस्था संविधान पर विश्वास रखते हुए खामोश रहा। और उसका असर इन लोकसभा चुनावों में दिख गया। हिन्दू -मुसलमान विभाजन की थ्योरी फेल हो गई। और देश में 240 पर और यूपी में 80 में 33 पर बीजेपी रूक गई।

यही अखिलेश की पीडीए की सफलता है। और अब नए साहस के साथ पिता मुलायम सिंह के अंदाज में बीजेपी को ललकारने ने उनका कद और बढ़ा दिया है। जैसे देश में विपक्ष दिखने लगा है वैसे ही यूपी में अखिलेश की धमक दिखने लगी है।

# जम्मू-कश्मीर चुनावों के अनेक पहलू

**- हरिहर स्वरूप**

**चुनाव आयोग** के लिए 1962 के चुनाव कार्यक्रम को तय करने में सबसे बड़ी बाधा जम्मू-कश्मीर में मौसम था। दूसरी चुनौती यह थी कि इन चुनावों को पूरे भारत में लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनावों के साथ-साथ आयोजित किया जाये। हालांकि चुनाव आयोग ने महसूस किया कि बर्फ से ढंके राज्य में चुनाव कराने के लिए अप्रैल सबसे उपयुक्त महीना था।

18 सितंबर से 1 अक्टूबर, 2024 के बीच जम्मू और कश्मीर में दस साल बाद पहली बार विधानसभा चुनाव होंगे - 2019 में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के पांच साल बाद पहली बार।

5 अक्टूबर को होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनावों के साथ-साथ जम्मू और कश्मीर की 90 विधानसभा सीटों के लिए भी चुनाव हो रहे हैं, जो राज्य में 1962 के विधानसभा चुनावों के समान हैं - जो केंद्र शासित प्रदेश बन गया है। 1962 के चुनाव उस साल फरवरी और अप्रैल के बीच देश भर में लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनावों के साथ-साथ हुए थे। स्वतंत्रता के बाद से जम्मू-कश्मीर का तीसरा चुनाव होने के बावजूद, 1962 के चुनाव भारत के चुनाव आयोग द्वारा पहली बार कराये गये थे।

1962 से पहले, 1957 में जम्मू-कश्मीर के चुनाव या 1951 में संविधान सभा (जम्मू-कश्मीर का संविधान बनाने के लिए चुने गये प्रतिनिधियों का एक निकाय) के चुनाव कराने के लिए चुनाव आयोग जिम्मेदार नहीं था। 17 नवंबर, 1956 को संविधान सभा ने भारत के संविधान के तहत जम्मू-कश्मीर के संविधान को अपनाया। यह निर्णय 26 जनवरी, 1957 को लागू हुआ, जबकि पूरे भारत में आम चुनाव की तैयारी चल रही थी।

हालांकि, 1957 में जम्मू-कश्मीर विधानसभा के चुनाव भी राज्य के संविधान के अनुसार ही हुए थे, लेकिन उनकी देखरेख सदर-ए-रियासत द्वारा नियुक्त चुनाव आयोग द्वारा की गयी थी। 26 जनवरी, 1960 को चुनाव कार्य को चुनाव आयोग को सौंपने के लिए राज्य के संविधान में संशोधन किया गया। जम्मू-कश्मीर 2024 में होने वाले चुनावों की तरह सुर्खियों में नहीं था। 71 रिटर्निंग ऑफिसर



और 40 सहायक रिटर्निंग ऑफिसर चुनावों का प्रबंधन कर रहे थे, और 18 लाख से ज्यादा मतदाता थे।विधानसभा में सीधे चुनाव से 100 सदस्य थे, लेकिन 25 सीटें खाली रखी गयीं और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर के इलाके को परिसीमन से बाहर रखा गया।

दिलचस्प बात यह है कि पहले जम्मू-कश्मीर में 67 एकल-सदस्यीय निर्वाचन क्षेत्र और चार दो-सदस्यीय निर्वाचन क्षेत्र थे। लेकिन 1961 में, देश के दूसरे हिस्सों की तरह, दो-सदस्यीय निर्वाचन क्षेत्रों को समाप्त कर दिया गया और अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों के लिए सिफ एक सदस्य वाली सीटों पर ही आरक्षण दिया गया।जम्मू-कश्मीर में भी चार दो-सदस्यीय निर्वाचन क्षेत्रों को आठ एक-सदस्यीय सीटों में विभाजित कर दिया गया जिससे कुल सदस्य सीटों की संख्या 75 हो गयी।

चुनाव आयोग के लिए 1962 के चुनाव कार्यक्रम को तय करने में सबसे बड़ी बाधा जम्मू-कश्मीर में मौसम था। दूसरी चुनौती यह थी कि इन चुनावों को पूरे भारत में लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनावों के साथ-साथ आयोजित किया जाये। हालांकि चुनाव आयोग ने महसूस किया कि बर्फ से ढंके राज्य में चुनाव कराने के लिए अप्रैल सबसे उपयुक्त महीना था, लेकिन जम्मू क्षेत्र में 24 फरवरी को मतदान हुआ, जबकि कश्मीर और लद्दाख क्षेत्रों ने 15 मार्च, 1962 को अपने सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार का प्रयोग किया। यह निर्णय लिया गया कि पूरी चुनाव प्रक्रिया 31 मार्च से पहले पूरी कर ली जायेगी। 1957 के विधानसभा चुनावों में, राज्य की प्रमुख राजनीतिक पार्टी जम्मू और कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस (जेकेएनसी) के उम्मीदवार 43 सीटों पर निर्विरोध चुने गये। उस चुनाव में 75 विधानसभा सीटों में से जेकेएनसीने 69, प्रजा परिषद ने पांच और हरिजन मंडल ने एक सीट जीती। जेकेएनसी का चुनाव चिन्ह कांग्रेस जैसा ही था- एक जूआ ढोने वाले बैलों की जोड़ी। प्रजा परिषद का चुनाव चिन्ह उगता हुआ सूरज था, जबकि हरिजन मंडल का चुनाव चिन्ह खड़ा हुआ शेर था।

1962 के चुनावों में, जेकेएनसी के उम्मीदवार 34 सीटों पर निर्विरोध चुने गये। 41 अन्य निर्वाचन क्षेत्रों में 140 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा। इन 41 सीटों में से जेकेएनसी ने 36, प्रजा परिषद ने तीन और दो निर्दलीय उम्मीदवारों ने शेष दो सीटें जीतीं। अन्य दलों की जमानतें जब्त हो गयीं। चार निर्वाचन क्षेत्रों में कुछ मतदान केंद्रों में गंभीर अनियमितताओं के आरोपों के कारण नये सिरे से चुनाव कराने का आदेश दिया गया। मतदाता सूची और 1,223 मतदान केंद्रों की स्थापना सहित चुनाव पर राज्य द्वारा किया गया खर्च केवल 2,92,649 रुपये था। जेकेएनसी के चुनावों में जीत के साथ, जम्मू-कश्मीर के पीएम बख्शी गुलाम मोहम्मद राज्य का नेतृत्व करते रहे।

हालांकि, ये चुनाव विवादों से अछूते नहीं रहे। कुछ विपक्षी दलों ने चुनावों का बहिष्कार करने की धमकी दी। आरोप लगाया गया कि ये 'स्वतंत्र और निष्पक्ष' नहीं थे। प्रजा सोशलिस्ट पार्टी और जीएम सादिक की वामपंथी डेमोक्रेटिक नेशनल कॉफ्रें स ने एक संयुक्त बयान जारी कर कहा था कि 'सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस प्रांतीयवाद और क्षेत्रवाद की भावना को हवा दे रही है' और घोषणा की कि वे चुनावों का बहिष्कार कर रहे हैं। हालांकि, पीएसपी ने छह सीटों पर और डीएनसी ने 20 सीटों पर चुनाव लड़े, दोनों एक भी सीट हासिल करने में असफल रहे।

# आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त संदर्भों का करें गुणवत्तापूर्ण निस्तारण : डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में मंगलवार को आईजीआरएस कार्यशाला का आयोजन कलेक्टरेट सभागार में हुआ। जिलाधिकारी ने जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि आईजीआरएस प्रकरणों का निस्तारण स्थलीय निरीक्षण कर ही निस्तारण करें। साथ ही समस्या ग्रस्त व्यक्ति को निस्तारण आख्या से अवगत भी कराया जाए। किसी भी दशा में प्रकरण में गलती नहीं होना चाहिए नहीं तो सम्बन्धित अधिकारी जिम्मेदार होंगे। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त हो रहे संदर्भों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किए जाने के लिए शासन द्वारा समय पर गाइडलाइन व शासनादेश निर्गत किए जाते हैं। इसके बावजूद भी अधिकांश विभागों द्वारा शत प्रतिशत पालन नहीं किया जाता है। संदर्भों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न किए जाने से कई बार उच्चाधिकारियों द्वारा जनपद में निस्तारित संदर्भों का श्रेणीकरण किए जाने के दौरान आख्या संतोषजनक एवं अंतरिम होने पर संदर्भ सी श्रेणी कृत कर दिए जाते हैं। सी श्रेणी कृत संदर्भों के मूल्यांकन के दौरान अंक काट दिए जाते हैं। जिससे जनपद की प्रदेश स्तरीय रैंक कम होती है, यह स्थिति अत्यंत खेदजनक है। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों तथा तहसीलदारों को निर्देश दिए कि अपने क्षेत्र में राजस्व के जो भी प्रकरण है उनका शासन की मंशा के अनुरूप निस्तारण कराए। जिन विभागों के कंप्यूटर ऑपरेटर निस्तारण में सही कार्य न कर रहे हों तो उनको तत्काल हटाया जाए।उप जिलाधिकारी मोहम्मद जसीम ने जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि आईजीआरएस निस्तारण पर कहां पर कमियां होती है, इसको लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया है। सभी सम्बन्धित अधिकारी तथा कम्प्यूटर ऑपरेटर अच्छी तरह से समझ ले और समय से आवेदन पत्रों का निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कराएं। उप जिलाधिकारी एवं ई डिस्टिक मैनेजर ने कार्यशाला में जनपद स्तरीय अधिकारियों एवं अधीनस्थों को यूजर्स प्रोफाइल का विवरण सत्यापन कराया जाने, ऑनलाइन सीएम हेल्पलाइन संदर्भ पोर्टल पर संदर्भ प्राप्त होने की स्थिति, जनसुनवाई समाधान प्रणाली आख्या में आपत्ति स्थल निरीक्षण विकल्प का चयन किया जाना, निषेधित विषयों का चयन मुख्यमंत्री द्वारा जनसुनवाई संदर्भों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए निर्गत दिशा निर्देश आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, उप जिलाधिकारी मानिकपुर पंकज वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ वंदना श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक सच्चिदानंद प्रसाद, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीसी एनआरएलएम ओम प्रकाश मिश्रा, डीसी राज्य कर अवनीश कुमार चैधरी, उप कृषि निदेशक राजकुमार आदि मौजूद रहे।



## कृषि विज्ञान केंद्र गनीवा के वैज्ञानिकों ने प्रक्षेत्र भृमण कर किसानों को किया जागरूक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** दीनदयाल शोध संस्थान कृषि विज्ञान केन्द्र गनीवा द्वारा पहाड़ी विकासखंड के अंतर्गत ग्राम हरदौली केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ राजेन्द्र सिंह नेगी एवं वैज्ञानिक दल द्वारा कृषक प्रक्षेत्र भ्रमण किया। जिसमे ज्वार बाजरा की फसल में लगने वाली बीमारियों एवं कीट पतंगों के विषय में अध्ययन किया। जहां प्रक्षेत्र में एन्थ्रेक्नोज एवं पत्ती धब्बा जैसा एक रोग पाया गया है। इसके कारण यह पूरी तरह से ज्वार बाजरे की फसल को क्षतिग्रस्त कर रहा है। इस रोग को किसान पत्ती की दोनों सतहों पर छोटे लाल रंग के धब्बों के रूप में पहचान सकते है। धब्बे का केन्द्र सफेद रंग का होता है जो लाल, बैंगनी या भूरे रंग के किनारों से घिरा होता है। घावों की सफेद सतह पर कई छोटे काले बिंदु जैसे कि एसर्वुली दिखाई देते हैं। ऐसी स्थिति फसल पर दिखाई पड़ने पर किसान अपने नजदीकी कृषि सहायता केन्द्र या कृषि विज्ञान केन्द्र में कृषि वैज्ञानिकों से तकनीकी सलाह प्राप्त करें।



## फर्जी शेयर ट्रेडिंग के नाम पर किए गए साइबर फ्रॉड के पीडित व्यक्तियों के 9 लाख 41 हजार 35 रुपये कराये गये वापस

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** वर्तमान में बढते साइबर अपराध को रोकने व आमजनमानस को इससे राहत दिलाने के उद्देश्य के तहत चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर साइबर अपराध के रोकथाम के लिए किये जा रहे प्रयासों के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी कार्यालय राज कमल के पर्यवेक्षण में साइबर सेल टीम द्वारा माह अगस्त में कुल 10 साइबर अपराध पीडित व्यक्तियों के कुल 9 लाख 41 हजार 35 रुपये उनके खातों में वापस कराये गये।

उल्लेखनीय है कि साइबर अपराध से पीडित 10 व्यक्तियों के साथ ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 9 लाख 41 हजार 35 रुपये की ठगी की गयी थी। जिनके द्वारा साइबर सेल चित्रकूट में शिकायत की गयी थी। साइबर सेल में नियुक्त साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक निशीकान्त राय तथा आरक्षी सर्वेश कुमार, प्रशांत कुमार द्वारा कुल 10 पीडितों के 9 लाख 41 हजार 35 रुपया बरामद कराए।

वर्तमान समय में आम जनमानस द्वारा बैंक आने जानें व बैंकिग औपचारिकताओं में नष्ट होने वाले समय से बचने के लिये व भारत सरकार के डिजिटल लेन-देन को प्रोत्साहित करने के क्रम में आम जनमानस भी जिनके पास मोबाइल उपलब्ध है। आँनलाइन बैंकिंग सेवा का लाभ ले रहे हैं, लेकिन इस कार्य में जरा सी असावधानी होने पर कई लोग साइबर ठगी का शिकार भी हो रहे है। अतः आँनलाइन बैंकिंग सेवा का लाभ ले रहे व्यक्तियों को यह जानकारी जरुरी है कि कुछ सावधानी अपना कर साइबर ठगी से बचा जा सकता है। जनपदीय साइबर सेल द्वारा लगातार लोगों को साइबर अपराध से बचाव के लिए जागरुक किया जाता हैं एवं साइबर अपराध की शिकायत प्राप्त होने पर पीडितों की शिकायत दर्ज कर सम्बन्धित बैंकों से समन्वय स्थापित कर पीडितों की धनराशि वापस करायी जाती है।

# सुलह समझौते के आधार पर कराएं अधिक से अधिक वादों का निस्तारण : नीलू मैनवाल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त कार्य योजना के अनुक्रम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम के मार्गदर्शन में मंगलवार को मध्यस्थ अधिवक्ताओं व पैरालीगल वालेण्टियर्स की एक बैठक हुई।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने अधिवक्ता मध्यस्थगण की बैठक आहूत की। बैठक में अधिवक्ता मध्यस्थों के कार्यों की समीक्षा की गयी। मध्यस्थ



अधिवक्ताओं को वादों को अधिक से अधिक संख्या में सुलह-समझौता के लिए अपील की। इस मौके पर नरेन्द्र कुमार, चुनकूराम पाल, राहुल शर्मा, चन्द्रिका प्रसाद श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

इसी क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अन्तर्गत कार्यरत पैरालीगल वालेन्टियर की बैठक हुई। बैठक में उनके कार्यों की समीक्षा की गयी। पैरालीगल वालेण्टियर द्वारा कराए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी गयी। सभी पैरालीगल वालेण्टियर को ईमानदारी एवं निष्ठा से कार्य किये जाने के लिए निर्देशित किया गया। पैरालीगल वालेण्टियर को तहसील, थाना, वन स्टाप सेन्टर, लीगल एड क्लीनिक आदि स्थानों पर विधिक सहायता प्रदान किये जाने के लिए लगया गया है। पराविधिक स्वयंसेवकों को लोगों को विधिक सहायता प्रदान करने के सम्बन्ध में बताया गया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व राज्य विधि सेवा प्राधिकरण के द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के अनुक्रम में आयोजित विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर में सहयोग प्रदान करने किये के लिये निर्देशित किया गया।

इस मौके पर पैरालीगल वालेण्टियर्स रामसागर, अरचिन्द, साकेत सौनी, उपासना, रविकुमार, मुन्नालाल विश्वकर्मा, चन्द्रभान, सन्तोष कुमार, ममता वर्मा, महेन्द्र प्रताप सिंह, राजेन्द्र सविता, आशीष त्रिपाठी, कृष्ण औतार आदि मौजूद रहे।

## कलार समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष बने गौरेन्द्र शिवहरे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय कलार महासभा के संस्थापक अखिलेश शिवहरे व राष्ट्रीय संयोजक सन्नी जायसवाल तथा राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष विनय शिवहरे द्वारा गौरेन्द्र शिवहरे को राष्ट्रीय कलार महासभा का उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर समाज के लोगों ने उनका स्वागत किया।

गौरेन्द्र शिवहरे ने कहा कि वह समाज को इक्ट्ठा कर समाज में सबको को साथ लेकर आगे ले जाने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष प्रेमचन्द्र शिवहरे, जिला महामंत्री जयहिन्द शिवहरे, डा बसन्त जायसवाल, प्रदीप शिवहरे, संजीव जायसवाल, अरविन्द शिवहरे, बिद्यासागर शिवहरे, सुशील शिवहरे, प्रियांस शिवहरे, आशू जायसवाल, वेदांश शिवहरे, श्रेयांस शिवहरे, बबली शिवहरे, रेखा जायसवाल, अंकित शिवहरे, अजय जायसवाल, मुकेश जायसवाल, अयुषी शिवहरे, डा संजय जायसवाल, अवनी शिवहरे, अनुज शिवहरे आदि मौजूद रहे।

# मनाया गया बाल भोग उत्सव

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय पोषण माह सितम्बर 2024 के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर के निर्देशानुसार जनपद के आंगनवाडी केन्द्रों पर सामुदायिक सहभागिता से बाल भोग उत्सव का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन जिला कार्यक्रम अधिकारी पीडी विश्वकर्मा के नेतृत्व में विकास खण्ड कर्वी के आंगनवाडी केन्द्र शिवरामपुर में आयोजित किया गया। केन्द्र पर ग्राम प्रधान की उपस्थिति में लगभग 60 बच्चों को पूड़ी-सब्जी



व खीर खिलाया गया। इसके बाद बच्चों को खिलौने वितरित किए गए। जनपद की समस्त बाल विकास परियोजनाओं में 5-5 आंगनवाडी केन्द्रों में सामुदायिक सहभागिता से बाल भोग उत्सव का आयोजन किया गया।

जिसमें आंगनवाडी कार्यकत्री के साथ सहायिका, ग्राम प्रधान, बच्चों के अभिवावक व मुख्य सेविकाएं एवं सम्बन्धित परियोजना के बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी पीडी विश्वकर्मा ने बताया कि मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश के अनुपालन में आंगनवाडी केन्द्रों पर जन सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से पोषण माह में नवाचार कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम पाक्षिक रूप से आगामी मंगलवार को भी जनपद के विभिन्न केन्द्रों पर आयोजित किया जायेगा।

## कस्बे की नालियों की बदहाल स्थिति पर व्यापारियों ने उठाई आवाज, जिलाधिकारी से कार्रवाही की मांग

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जनपद के विकास खण्ड कर्वी के तहत आने वाले अकबरपुर ग्राम पंचायत के आश्रित गांव भरतकूप कस्बा इन दिनों गंदगी और अव्यवस्था की मार झेल रहा है। कस्बे में बहती नालियों से उठती दुर्गंध और जगह-जगह फैला कचरा यहां के निवासियों के लिए जीना मुश्किल कर रहा है। गंदगी के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ गया है।

स्थानीय लोगों ने कई बार सफाई व्यवस्था को लेकर सम्बन्धित अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन समस्या का कोई हल नहीं निकला। निराश होकर अब व्यापार संघ ने मोर्चा संभाला है। व्यापार संघ ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा है। जिसमें कस्बे की सफाई व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त करने की मांग की गई है।व्यापारियों का कहना है कि नालियों की नियमित सफाई न होने से सडकों पर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जिससे लोग गंदगी के बीच रहने को मजबूर हो रहे हैं। व्यापारियों के इस कदम से उम्मीद जगी है कि जिला प्रशासन इस ओर ध्यान देगा और जल्द ही सफाई व्यवस्था को सुधारने के लिए ठोस कदम उठाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि देश स्वच्छता अभियान की दिशा में तेजी से आगे बढ रहा है और वह गंदगी में रहने को मजबूर हैं।

# संयुक्त कर्मचारी संघ ने किया आम सभा का आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय संयुक्त कर्मचारी संघ ने विश्वविद्यालय कर्मियों की विभिन्न समस्याओं की लगातार अनदेखी एवं तानाशाही पूर्ण रवैये को देखते हुए समस्त शिक्षक कर्मचारियों की एक आम सभा का आयोजन किया गया।

संघ के अध्यक्ष गुरूप्रकाश शुक्ला ने कहा कि श्रद्धेय नानाजी देशमुख की परिकल्पना चित्रकूट को केन्द्र मानकर 50 किमी क्षेत्र का चैहुमुखी विकास था। जिसके लिए उन्होंने सांसद निधि से सडक निर्माण, चित्रकूट से



दिल्ली के लिए सुगम यात्रा के लिए सम्पर्क क्रान्ति ट्रेन, आरोग्यधाम, उद्यमिता, रामदर्शन, आश्रमशाला, कृषि विज्ञान केन्द्र आदि अनेको कार्यो को करते हुए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित किया। उनके द्वारा रोपित विश्वविद्यालय रूपी वृक्ष को कोई हानि न पहुंचे इसके लिए उन्होंने कुलाधिपति का पद त्याग करने में तनिक भी विलम्ब नहीं किया। जब चित्रकूट एवं विश्वविद्यालय कर्मियों पर मुसीबत आई तो अनशन पर बैठकर उन्हें न्याय दिलाया। वहीं दूसरी ओर उनके जाने के बाद शनैः शनैः न केवल विश्वविद्यालय बल्कि सम्पूर्ण चित्रकूट का विकास अवरूद्ध हो गया। वर्तमान में जब श्रद्धेय नानाजी के सिद्धान्तों की दुहाई देने वाले ही केन्द्र, राज्य एवं विश्वविद्यालय के मुखिया हैं। तब विश्वविद्यालय की यह दुर्दशा हैं। जहाँ राज्यपाल की अध्यक्षता में प्रबन्ध मण्डल की स्वीकृति के बावजूद पेंशन नहीं लागू की गई। साथ ही विश्वविद्यालय कर्मियों की बुढापे के लिये संचित भविष्यनिधि की राशि का कोई पता नहीं है।

दलित एवं पिछड़ा वर्ग कर्मचारी संघ के अध्यक्ष शिवकुमार ने कहा कि लगातार प्रशासन के समक्ष अपनी समस्याओं के रखने के बावजूद समस्याओं का कोई हल न निकलने के कारण अपनी बात अन्य मंचों पर रखने के लिए हमे मजबूर होना पड़ रहा है।

# जिलाधिकारी ने ली मूल्य निर्धारण समिति एवं भूमि अधिग्रहण सम्बन्धी बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में मंगलवार को इंटीग्रेटेड कोर्ट काम्प्लेक्स की स्थापना के सम्बन्ध में भू-स्वामियों से आपसी समझौता के आधार पर भूमि क्रय किए जाने के लिए मूल्य निर्धारण समिति एवं भूमि अधिग्रहण के सम्बन्ध में बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई।

जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व से कहा कि रामवन गमन मार्ग, बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे, देवांगन हवाई पट्टी सम्पर्क मार्ग, उद्योग स्थापित करने आदि के लिए जो भूमि अधिग्रहण किया जाना है, जिसमें प्रगति खराब है सभी तहसीलों में प्रगति कराई जाए। जिन गांवों के लेखपाल सही से कार्य नहीं कर रहे हैं तो उनके साथ अन्य लेखपालों को लगाकर कार्य कराया जाए। साथ ही भूमि अधिग्रहण के साथ भूमि क्रय किए जाने मूल्य निर्धारण कराकर भू स्वामियों से समय पर बैनामा करा कर धनराशि उनके खातों पर भेजना सुनिश्चित करें। राष्ट्रीय राजमार्ग प्रयागराज के अधिकारियों ने बताया कि रामवन गमन मार्ग पैकेज पांच में सडक निर्माण कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया करा दी गई है। वन विभाग की भूमि के प्रकरण लम्बित है। जिसमें जिलाधिकारी ने सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वन विभाग की भूमि जो अधिग्रहण की जा रही है, उस भूमि के बदले शासकीय भूमि चिन्हित कर उपलब्ध कराए। साथ ही जिन गांवों में भूमि क्रय के लिए शेष है, उन गांवों के सम्बन्धित भू स्वामियों से बैनामा कराया जाए और जिन भू स्वामियों के गाटा का अंश निर्धारण नहीं है, उनको तत्काल कराया जाए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट,उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, उप जिलाधिकारी मानिकपुर पंकज वर्मा, उप जिलाधिकारी राजापुर प्रमोद कुमार झा आदि मौजूद रहे।

# श्री ब्रम्ह कुंड आश्रम परिसर में स्वच्छता एवं पौधरोपण अभियान विषयक विचार गोष्ठी का हुआ आयोजन

मन्दाकिनी नदी के उदगम स्थल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मन्दाकिनी नदी के उदगम स्थल श्री ब्रम्ह कुंड आश्रम में ग्रामीणों के मध्य विचार विमर्श गोष्ठी के उदघाटन सत्र का प्रारम्भ मन्दाकिनी नदी विषयक तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के संयोजक डॉ. अश्विनी कुमार अवस्थी ने उदगम स्थल श्री ब्रम्ह कुंड आश्रम एवं मन्दाकिनी नदी को नमन कर किया। कार्यक्रम में किसान मोर्चा के अध्यक्ष डॉ कृष्ण कुमार पाण्डेय व शिवशंकर उपस्थित रहे। संयोजक डॉ अश्विनी अवस्थी ने बताया कि हम सभी को श्री ब्रम्ह कुंड आश्रम से लेकर राजापुर तक मन्दाकिनी नदी के सर्वांगीण विकास के लिए एक जुट होना चाहिए। इसके लिए हमें स्वच्छता एवं पौधरोपण अभियान चलाना होगा। सह संयोजक डॉ मोहम्मद हलीम खान ने जनजागरुकता एवं जन सहभागिता उत्पन्न करने के उद्देश्य से जागरूकता गीत वाचन किया। गोष्ठी का प्रमुख उद्देश्य मां मन्दाकिनी नदी को उसके उदगम स्थल श्री ब्रम्ह कुंड आश्रम से लेकर राजापुर तक प्रदूषण मुक्त बनाये रखते हुए इसके संरक्षण एवं संवर्धन के लिए स्वच्छता एवं पौधरोपण अभियान चलाकर लोगों का ध्यान आकर्षित कर जागरूकता एवं जन सहभागिता की भावना को उत्पन्न करना है। कार्यक्रम में आये विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं ग्राम प्रधानों तथा सभी ग्रामीणों का आयोजन मंडल के सदस्यों ने माल्यार्पण कर उनका स्वागत एवं सम्मान किया। जिसमें प्रमुख रूप से सरपंच रामबहोरी यादव, ग्राम प्रधान भीर उरमलिया, रचना त्रिपाठी, रोहिणी कुमार शुक्ल, राजकुमार सिंह, गजराज सिंह, रामजी यादव, नत्थू सिंह आदि मौजूद रहे।

खुशी शुक्ला ने श्री ब्रम्ह कुंड आश्रम एवं मन्दाकिनी नदी के धार्मिक एवं सामाजिक महत्व के बारे में अपने विचार एक काव्य ब्रम्ह कुंड गाथा कविता एवं चैपाई के माध्यम से किया। इसके बाद



कार्यशाला के तकनीकी सत्र का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता प्रो कौशल कुमार ने कहा कि ब्रम्ह कुंड आश्रम में साबुन सैमपू आदि का प्रयोग वर्जित होना चाहिए। डॉ. सतीश त्रिपाठी बताया कि चित्रकूट के आस पास 4000 वर्ग किलोमीटर परिक्षेत्र में प्रस्तावित यूनेस्को जियो पार्क की स्थापना के लिए मन्दाकिनी नदी तथा इसके उदगम स्थल श्री ब्रम्ह कुंड आश्रम का संरक्षण, संवर्धन एवं पुनरोद्धार बहुत ही आवश्यक है। नहीं तो विदेशियों के बीच बहुत बदनामी होगी। श्री ब्रम्ह कुंड के भूगर्भ जल स्तर पर को बढ़ाने के लिए परम्परागत जलाशयों, तालाबों, कुंडों एवं झोरों का संरक्षण पर जोर दिया।

भूगर्भ वैज्ञानिक ग्रामोदय विश्वविद्यालय डॉ. शशिकांत त्रिपाठी ने बताया कि प्रथ्वी की उत्पत्ति का इतिहास लगभग 1600 करोड वर्ष पुराना है। चित्रकूट में टूरिज्म एंड हास्पिटैलिटी की अपार संभावनाएं हैं। जिनमें जियो टूरिज्म, एग्रो टूरिज्म, हेल्थ टूरिज्म एवं कल्चरल टूरिज्म प्रमुख हैं। ग्रामोदय विश्वविद्यालय के उद्यान वैज्ञानिक डॉ. शिवशंकर सिंह ने नदियों के तटवर्ती इलाकों एवं किनारों के मृदा कटाव को रोकने के लिए बहुउद्देशीय एवं फलदार वृक्षों के रोपण की पुरजोर वकालत की। वरिष्ठ मृदा वैज्ञानिक डॉ. पवन कुमार सिरौठिया ने जैविक एवं प्राकृतिक खेती को लाभकारी एवं प्रकृति हितैषी बताते हुए कहा कि इसके अपनाने से मृदा एवं भूगर्भ जल प्रदूषित नहीं होंगे तथा मृदा स्वास्थ्य बरकरार रहेगा। महाविद्यालय अतर्रा के अध्यक्ष प्रबन्ध समिति प्रो. योगेन्द्र सिंह ने मंदाकिनी नदी के एतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर विस्तृत रूप से चर्चा की। साथ ही चित्रकूट की जैव-विविधता के सरक्षण के लिए मंदाकिनी नदी के सर्वांगीण विकास के लिए सभी लोगों से सहयोग का आह्वान किया। प्राचार्य डॉ एसी मिश्रा ने सभी वैज्ञानिकों का आभार व्यक्त किया इस मौके पर डॉ विवेक कुमार उपाध्याय, डॉ अनिल कुमार साहू, डॉ सतीश कुमार श्रीवास्तव, डॉ अनन्त कुमार त्रिपाठी, मिथलेश पांडेय, डॉ तरूण कुमार शर्मा, डॉ अनिल कुमार तिवारी आदि मौजूद रहे।

# मैं मोदी से नफरत नहीं करता : राहुल गांधी

**लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से नफरत नहीं करते बल्कि उनसे उनकी वैचारिक लड़ाई है और वह इस लड़ाई को लड़ते रहेंगे**



**वाशिंगटन। लोकसभा** में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से नफरत नहीं करते बल्कि उनसे उनकी वैचारिक लड़ाई है और वह इस लड़ाई को लड़ते रहेंगे।

श्री गांधी ने यहां जॉर्ज टाउन यूनिवर्सिटी में छात्रों के साथ बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री से उनकी वैचारिक और राजनीतिक लड़ाई है और इस लड़ाई को वह लगातार लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, ह्लमैं श्री मोदी से नफरत नहीं करता। उनका अपना एक दृष्टिकोण है और मैं इस दृष्टिकोण से असहमत हूं, लेकिन मैं उससे नफरत नहीं करता। उनका एक अलग दृष्टिकोण है और मेरा अलग दृष्टिकोण है।ह्व

कांग्रेस नेता ने कहा कि यह विचारधारा की लड़ाई हैं और उनकी यह लड़ाई सीधे आरएसएस से है। इसी विचार के खिलाफ इंडिया गठबंधन मजबूत आधार के साथ खड़ा हुआ और उसने आम चुनाव में जनता में सटीक संदेश देकर अपने लक्ष्य को हासिल किया है। यह समझना भी जरूरी है कि लड़ाई राजनीतिक नहीं बल्कि सर्वधर्म समभाव की भी है।

उन्होंने कहा, ह्लमैं यहां तमिलनाडु, पंजाब, हरियाणा, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, केरल और महाराष्ट्र के लोगों की बात कहूँ तो सिर्फ नाम नहीं बल्कि ये सभी नाम इतिहास, भाषा और परंपराओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। यहां आरएसएस कह रहा है कि कुछ राज्य, भाषाएं, धर्म और समुदाय दूसरों से कम हैं। लेकिन हमारा मानना है कि हर राज्य, परंपरा, धर्म, संस्कृति और भाषा महत्वपूर्ण हैं। अगर तमिलनाडु के किसी व्यक्ति से कहा जाए कि वे तमिल नहीं बोल सकते तो उन्हें कैसा महसूस होगा और यही आरएसएस की विचारधारा है जिससे मेरी सीधी लड़ाई चल रही है।

उन्होंने कहा कि भारत में सब लोगों में सदियों से जीने की आजादी की परंपरा रही है लेकिन ये लोग समझ नहीं पा रहे हैं। उन्होंने कहा, ह्ललड़ाई उस भारत के लिए है, जिसे हम चाहते हैं - जहां लोग विश्वास करने, किसी का सम्मान करने और अपनी पसंद के अनुसार बोलने के लिए स्वतंत्र रहे हैं। यह लोग चाहते हैं कि सब कुछ वही तय करें और समस्या यही है कि ये लोग भारत को नहीं समझते हैं।

# एडीबी के अध्यक्ष मासात्सुगु असकावा फरवरी 2025 में देंगे इस्तीफा




**मनीला। एशियाई** विकास बैंक (एडीबी) के अध्यक्ष मासात्सुगु असाकावा ने सोमवार को एडीबी के बोर्ड सदस्यों, प्रबंधन और कर्मचारियों को 23 फरवरी, 2025 को अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के अपने इरादे से अवगत कराया।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मासात्सुगु असकावा 17 जनवरी 2020 से एडीबी के 10वें अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं।

उन्होंने एक बयान में कहा, "इस बारे में बहुत सोच-विचार के बाद, मेरा मानना है कि अब समय आ गया है कि हम एक कदम पीछे हट जाएं और नए नजरिये और नई ऊर्जा के साथ नए नेतृत्व के लिए रास्ता बनाएं।"

उन्होंने कहा, "इस्तीफे की घोषणा करके, मेरा उद्देश्य एक सुचारू और व्यवस्थित नेतृत्व परिवर्तन सुनिश्चित करना है।"

एडीबी अध्यक्ष ने आगे कहा, "मेरे नेतृत्व का मुख्य फोकस जलवायु परिवर्तन रहा है। साथ मिलकर हमने एडीबी को एशिया और प्रशांत क्षेत्र के लिए जलवायु बैंक के रूप में पुनः स्थापित किया है, जिसकी महत्वाकांक्षा 2030 तक जलवायु वित्तपोषण में कम से कम 100 बिलियन डॉलर जुटाने की है।" उन्होंने कहा, "हमारे साझा मिशन के प्रति एडीबी बोर्ड, प्रबंधन और कर्मचारियों की कड़ी मेहनत, समर्पण और अटूट प्रतिबद्धता के बिना यह सब संभव नहीं हो पाता।"

उन्होंने कहा, "एक साथ मिलकर, हमने एशिया और प्रशांत क्षेत्र में लाखों लोगों के जीवन में वास्तविक बदलाव लाया है और मैं उस संस्थान को और भी अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचते हुए देखने के लिए उत्सुक हूं, जिसकी मैं इतने दिल से परवाह करता हूं।"

2020 में ताकेहिको नाकाओ का स्थान लेने वाले मासात्सुगु असाकावा ने नाकाओ का शेष कार्यकाल पूरा कर लिया, जो 23 नवंबर, 2021 को समाप्त होने वाला था।

# पाकिस्तानी साजिश में फंसा बांग्लादेश, बांग्ला पहचान को मिटाने को तैयार है कट्टरपंथी जमात-ए-इस्लामी

**नई दिल्ली: राष्ट्रगान,** किसी भी देश की संस्कृति, सभ्यता, जीवन शैली और विशिष्ट इतिहास को प्रदर्शित करने का बड़ा माध्यम है। इसके प्रत्येक शब्द का नागरिकों पर जादुई असर होता है जो देश को हर परिस्थिति में जोड़ देता है तथा सशस्त्र बलों का हौंसला बढ़ाता है। राष्ट्रगान का संबंध देश की पहचान से होता है। अतः इस पर राजनीतिक मतभेद नहीं होते और यह सबके द्वारा स्वीकार किया जाता है। लेकिन बांग्लादेश में राजनीतिक परिवर्तन के साथ ही वहां पहचान का संकट भी गहरा गया है। साल 1971 में पाकिस्तान से अलग होकर बना यह देश धार्मिक कट्टरता के जाल में उलझकर अपनी पहचान को ही खत्म करने को आमादा नजर आ रहा है। बांग्लादेश की इस्लामिक पहचान को स्थापित करने की कोशिशों में लगे जमात-ए-इस्लामी नामक राजनीतिक दल ने देश के राष्ट्रगान 'आमार सोनार बांग्ला' को बदलने की मांग की है। जमात-ए-इस्लामी को यह राष्ट्रगान वर्तमान बांग्लादेश के लिए अप्रासंगिक नजर आ रहा है।


# भारत के लिए क्यों जरूरी है ब्रिक्स, जिसमें शामिल होने के लिए रूस पहुंचे 'जेम्स बॉन्ड' डोभाल

**मॉस्कोः अक्टूबर** में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के पहले राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार स्तर की बैठक में शामिल होने के लिए भारतीय जेम्स बॉन्ड के नाम से मशहूर अजीत डोभाल रूस पहुंचे हैं। यह सम्मेलन रूस-यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए चल रहे कूटनीतिक प्रयासों में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका को भी रेखांकित करता है। रूस में आयोजित यह ब्रिक्स वार्षिक राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बैठक वैश्विक सुरक्षा चिंताओं और संघर्ष समाधान पर केंद्रित होने की संभावना है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शांति वार्ता में मध्यस्थता के लिए भारत, चीन और ब्राजील पर भरोसा जताया है, जो ब्रिक्स के बढ़ते वैश्विक कद को दशार्ता है। यूक्रेन ने भी कूटनीतिक समाधान के लिए भारत की स्थिति का समर्थन किया है।

ब्रिक्स+ से बदल रहा समूह का नक्शा

ब्रिक्स+ एक महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक ब्लॉक के रूप में उभरा है। यह उभरती वैश्विक व्यवस्था और बहुपक्षीय साझेदारी को नया रूप दे रहा है। ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका से लेकर अब सऊदी अरब, ईरान, यूएई और मिस्र तक के इसके विस्तार ने इसके बढ़ते भू-राजनीतिक और आर्थिक प्रभाव को पुख्ता किया है। कुछ सबसे प्रमुख वैश्विक आर्थिक और ऊर्जा उत्पादक देशों के साथ इसका वैश्विक कद इसे आईएमएफ, यूएनएससी और विश्व बैंक जैसी पश्चिमी शासित वैश्विक प्रणालियों को चुनौती देने लायक बना रहा है।

पश्चिमी एकाधिकार को चुनौती दे रहा ब्रिक्स




ब्रिक्स अब दशकों से चली आ रही विरासती सिस्टम को चुनौती भी दे रहा है। जैसे अब तक आईएमएफ, वर्ल्ड बैंक और संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका और दूसरे पश्चिमी देशों का बोलबाला है। लेकिन ब्रिक्स की बढ़ती ताकत उसे अब चुनौती दे रही है। शुरूआत में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका से मिलकर बने इस संगठन ने सऊदी अरब, ईरान, यूएई और मिस्र जैसी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं को शामिल करके इसके बढ़ते प्रभाव को पुख्ता किया है। ब्रिक्स अब उभरते बाजारों की खान बन गया है, जो पश्चिमी प्रभुत्व का विकल्प प्रस्तुत करता है और एक अधिक न्यायसंगत और संतुलित वैश्विक व्यवस्था की शुरूआत कर सकता है।

हसीना के भारत पहुंचते ही एक्शन में आए डोभाल, तय हो गया पूरा प्लान!

भारत की ऊर्जा जरूरतें जल्द होंगी पूरी


ब्रिक्स में सऊदी अरब, ईरान और यूएई जैसे प्रमुख ऊर्जा उत्पादक देश शामिल हैं। इससे ब्रिक्स+ का वैश्विक ऊर्जा प्रभाव काफी बढ़ जाता है। यह समूह अब दुनिया के कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस उत्पादन के एक बड़े हिस्से को नियंत्रित करता है। इससे वैकल्पिक ऊर्जा व्यापार सिस्टम का विकास हो सकता है जो पश्चिमी वित्तीय एकाधिकार को दरकिनार कर वैश्विक ऊर्जा बाजार को नया रूप दे सकते हैं। इसका लाभ भारत को भी मिल सकता है, जो बड़े पैमाने पर ऊर्जा का आयात करता है। ब्रिक्स से भारत को प्रतिस्पर्धी दरों पर ऊर्जा संसाधनों को सुरक्षित करने का महत्वपूर्ण अवसर मिल सकता है।

ब्रिक्स लगातार खुद के वित्तीय और तकनीकी संस्थानों का निर्माण कर रहा है।

# भारत का बढ़ रहा वैश्विक प्रभाव, अमेरिका पहुंचे कांग्रेस नेता शशि थरूर का बड़ा बयान

**ह्यूस्टन (अमेरिका): कांग्रेस** सांसद शशि थरूर ने यहां राइस यूनिवर्सिटी के बेकर इंस्टीट्यूट में संवाद के दौरान वैश्विक अर्थव्यवस्था और राजनीतिक शक्ति के तौर पर भारत के महत्व पर जोर दिया। थरूर ने कहा, ह्यभारत महत्व रखता है।ह्न उन्होंने जोर देकर कहा कि ह्यभारत में जो कुछ हो रहा है वह दुनिया की आबादी के छठे हिस्से को प्रभावित करता है।ह्न तिरुवनंतपुरम के सांसद ने विस्तार से कहा कि क्रय शक्ति के मामले में भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और दुनिया के मंच पर अब इसे नजरअंदाज या कम करके नहीं आंका जा सकता है।

भारत के वैश्विक प्रभाव के बारे में दमदार तरीके से अपनी बात रखते हुए थरूर ने रेखांकित किया कि किस प्रकार विश्व में सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश तथा सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में भारत का उदय उसे वैश्विक मामलों में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी के रूप में स्थापित करता है। कार्यक्रम की मध्यस्थता संस्थान के निदेशक एवं लेबनान एवं तुर्किये में अमेरिका के पूर्व राजदूत डेविड सैटरफील्ड ने की। थरूर छह से आठ सितंबर तक हुए जयपुर साहित्य महोत्सव के सातवें संस्करण में एक प्रख्यात लेखक एवं वक्ता के तौर पर ह्यूस्टन की यात्रा पर थे। उन्होंने भारत के समक्ष मौजूद भूराजनीतिक चुनौतियों विशेषकर चीन, पाकिस्तान और अमेरिका के साथ इसके संबंधों पर भी अपने विचार रखे। उन्होंने क्षेत्र के भविष्य को आकार देने में देश की भूमिका का जिक्र किया और इन जटिल रिश्तों में भारत के संवेदनशील संतुलन को भी रेखांकित किया।



'वैश्विक व्यापार में भारत बड़ा खलिाड़ी बना'

भारत की तकनीकी प्रगति के मुद्दे पर सैटरफील्ड ने इस क्षेत्र में देश की तीव्र वृद्धि की ओर ध्यान दिलाया। थरूर ने भारत के तकनीकी उद्योग के बढ़ते प्रभाव को स्वीकारा और कहा कि तकनीकी उद्योग नवाचार और आर्थिक विकास को आगे बढ़ा रहा है, जिससे देश वैश्विक व्यापार में एक प्रमुख खिलाड़ी बन गया है। बातचीत में घरेलू मुद्दे भी मुख्य रूप से शामिल रहे।

# शिंजियांग की तरह बलूचिस्तान को जेल बनाने की तैयारी, चीनी तरीके से बलोचों को दमन करेगा पाकिस्तान

**इस्लामाबादः बलूचिस्तान** में तेज हो चुकी अलगाववाद की आवाज को दबाने के लिए पाकिस्तान दमनकारी रवैये पर उतर आया है। पाकिस्तान की सरकार आंदोलन को कुचलने के लिए चीन के शिंजियांग की तरह बलूचिस्तान को जेल बनाने की तैयारी कर रही है। इसके लिए बलूचिस्तान में 'नजरबंदी केंद्र' बनाने की योजना तैयार की है। यह नजरबंदी केंद्र जेल ही होंगे, जिनमें बलूच आंदोलनकारियों को आतंकवादी घोषित करके रखा जाएगा। 26 अगस्त को बलूच विद्रोहियों ने बलूचिस्तान प्रांत में सिलसिलेवार हमले किए थे। इन हमलों में सुरक्षाबलों के जवानों समेत 60 से ज्यादा लोग मारे गए थे।



सेना के पास होगी स्पेशल पावर

बलूचिस्तान कई दशकों से हिंसा से ग्रस्त रहा है लेकिन हाल में हुआ हमला कुछ वर्षों का सबसे बड़ा हमला था। इसके बाद पाकिस्तान की संघीय सरकार और सेना ने बलूचिस्तान प्रशासन के साथ मिलकर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की थी, जिसमें जवाबी तैयारियों पर भी चर्चा हुई। पाकिस्तानी मीडिया आउटलेट ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान सरकार ने अलगाववादियों से निपटने के लिए सेना और दूसरी एजेंसियों को स्पेशल पावर देने का फैसला किया है। इसके तहत केवल देश विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के शक के आधार पर बलोच लोगों को बिना किसी एफआईआर या कोर्ट आदेश के तीन महीने तक हिरासत में रखा जा सकता है।

पहले ऐसी ही विशेष शक्तियां एंटी-टेररिज्म एक्ट (अळअ) के तहत खैबर-पख्तूनख्वा में दी गई थीं, जब साल 2014 में पेशावर के आर्मी पब्लिक स्कूल में आतंकी हमला किया गया था। सरकार ने अब बलूचिस्तान के लिए सुरक्षा एजेंसियों को उसी तरह विशेषाधिकार देने के लिए एटीए में संशोधन करने का फैसला किया है। इसमें संदिग्ध लोगों को बिना कोर्ट आदेश के हिरासत में रखने के लिए स्पेशल नजरबंदी केंद्र बनाने का प्रस्ताव भी शामिल है।

मुख्यमंत्री ही गायब कर दिया गया! पाकिस्तान में सेना के खिलाफ जाना पड़ा महंगा

बलूचिस्तान में उठी विरोध की आवाज

बलूचिस्तान में विरोध का चेहरा बन चुकी महरंग बलोच ने पाकिस्तानी अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाई है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर महरंग ने लिखा कि पाकिस्तानी सेना के इशारे पर बलूचिस्तान सरकार हजारों लोगों के नाम आतंकवाद विरोधी निगरानी सूची में डालकर बड़े पैमाने पर और व्यवस्थित करके से दुर्व्यवहार कर रही है। महरंग ने बताया कि अकेले क्वेटा में 137 लोगों को लिस्ट में जोड़ा गया है, जिसमें छात्र, कार्यकर्ता, लेखक, व्याख्याता और प्रोफेसर शामिल हैं।

सूची में महरंग के भाई नासिर बलोच भी शामिल हैं। महरंग ने लिखा, 'पाकिस्तान सरकार बलूचिस्तान को शिंजियांग स्वायत्त क्षेत्र की तरह एक सामूहिक नजरबंदी शिवर में बदल रही है।

# पृथ्वी के करीब आ रहा प्रलय का देवता

**नई दिल्ली: धरती** के करीब एक विशाल उल्कापिंड आ रहा है। इस उल्कापिंड का नाम एपोफिस है, जिसकी निगरानी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) कर रहा है। इस उल्कापिंड के पृथ्वी के बहुत करीब आने की संभावना है। इस एस्टेरॉयड का नाम मिस्र के विनाश के देवता के नाम पर रखा गया है। पृथ्वी की ओर तेजी से बढ़ रहा उल्कापिंड 13 अप्रैल 2029 को सबसे करीब पहुंचेगा। इसरो के पोर्टफोलियो में ग्रहीय रक्षा नाम का नया डोमेन जोड़ा गया है। इसका काम पृथ्वी को अंतरिक्ष से आने वाली खतरनाक वस्तुओं से बचाना है।

# डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस के बीच महामुकाबले का मंच तैयार, क्या बाइडन की 'हार' का बदला ले पाएंगी डेमोक्रेटिक उम्मीदवार?

**वॉशिंगटनः अमेरिका** के राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस और रिपब्लिकन उम्मीदवार पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मंगलवार रात एक दूसरे के आमने-सामने होंगे। हैरिस और ट्रंप राष्ट्रपति चुनाव में एक दूसरे के सामने पहली राष्ट्रपति बहस के लिए तैयार हैं, जो संभवतः दोनों के बीच एकमात्र बहस होगी। इस दौरान दोनों नेताओं पर देश को लेकर मतदाताओं के सामने अपना नजरिया बताने का भारी दबाव होगा। इस बहस का आयोजन पेंसिल्वेनिया के फिलाडेल्फिया में रात नौ बजे किया जाएगा। भारतीय समयानुसार यह बुधवार सुबह साढ़े 6 बजे होगी। यह बहस जून में डोनाल्ड ट्रंप और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच हुई पिछली बहस के बाद हो रही है। इसी बहस में बेहद खराब प्रदर्शन के बाद बाइडन को वॉइट हाउस की उम्मीदवारी से हटना पड़ा था। इसने कमला हैरिस के लिए उम्मीदवारी का रास्ता साफ कर दिया था।



क्या है कमला हैरिस की तैयारी?

इस बहस में हैरिस यह दिखाना चाहती हैं कि वह डोनाल्ड ट्रंप के मुकाबले डेमोक्रेटिक पार्टी के अभियान को बाइडन की तुलना में बेहतर तरीके से चला सकती हैं। अमेरिकी मीडिया आउटलेट एनबीसी ने बताया है कि बहस की तैयारियों के लिए कमला हैरिस गुरुवार से ही फिलाडेल्फिया के होटल में मौजूद हैं।

न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, हैरिस के सहयोगियों ने टीवी लाइटिंग और एक डमी मंच तैयार किया हैं, जिस पर एक सलाहकार को डोनाल्ड ट्रंप की भूमिका में उनके सामने खड़ा किया गया है।


**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

# एडवर्ड टेलरः वो यहूदी वैज्ञानिक जिसने नाजी अत्याचारों से बचने के लिए छोड़ा देश, फिर बनाया दुनिया का सबसे शक्तिशाली बम

**वॉशिंगटनः दुनिया** में कुछ लोग होते हैं जो इतिहास का हिस्सा बनते हैं, लेकिन विरले होते हैं जो इतिहास रचते हैं। भौतिक विज्ञानी एडवर्ड टेलर एक ऐसा ही नाम है, जिन्होंने इतिहास की दिशा बदल दी। हाइड्रोजन बम पर टेलर के काम ने उन्हें दुनिया में पहचान दिलाई, तो साथ ही नैतिक बहस को भी जन्म दिया। लेकिन हम आज आपको बम के बारे में नहीं, उस एडवर्ड टेलर के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसने विनाश के कगार पर खड़ी दुनिया में विज्ञान को चुना। नाजी अत्याचारों से बचने के लिए अपनी जमीन छोड़ देने वाले एडवर्ड टेलर ने विज्ञान के क्षेत्र में ऐसा काम किया जिसके चलते उन्हें आज भी याद किया जाता है।

टेलर की कहानी हंगरी से शुरू होती है, जहां उनके अंदर गणित और भौतिकी के लिए जुनून पैदा हुआ। लेकिन जर्मनी में हिटलर के उदय के साथ यहूदी पहचान रखने वाले टेलर के लिए यूरोप में रहना मुश्किल हो गया। ये साल 1935 था, जब टेलर ने यूरोप से भागकर अमेरिका से पहुंचे। वहां वे नाजी अत्याचारों से भागकर आने वाले प्रतिभाशाली वैज्ञानिकों के समुदाय का हिस्सा बने। जल्द ही टेलर ने खुद को एक ऐसी परियोजना के केंद्र में पाया जो दुनिया को बदलने वाली थी।

मैनहट्टन परियोजना




द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान अमेरिका ने मैनहट्टन प्रोजेक्ट शुरू किया। यह परमाणु बम बनाने का एक गुप्त प्रयास था। टेलर को भी इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनाया गया। प्रोजेक्ट को परमाणु विखंडन पर आधारित हथियार बनाने के लिए शुरू किया गया था, लेकिन टेलर का ध्यान जिस चीज पर गया था- वह था संलयन। यह वही प्रक्रिया है जिससे सितारों को ताकत मिलती है। उन्हें विश्वास था कि इसका उपयोग कर-के ऐसा बम बनाया जा सकता है, जो अब तक बने किसी भी बम से ज्यादा शक्तिशाली था। हालांकि, द्वितीय विश्व युद्ध से पहले हाइड्रोजन बम नहीं बना, लेकिन परमाणु सिद्धांत में टेलर का योगदान महत्वपूर्ण था। अन्य वैज्ञानिकों के साथ उनके काम ने परमाणु बम और बाद में कहीं ज्यादा विनाशकारी हाइड्रोजन बम दोनों के लिए आधार तैयार किया।

कैसा था धरती का मंजर जब जापान पर गिरा परमाणु बम, देखें वीडियो

हाइड्रोजन बम का निर्माण

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद दुनिया एक बार फिर दो ध्रुवों में बंटी। इसने कई दशकों तक चले शीत युद्ध को जन्म दिया और इसी ने टेलर के हाइड्रोजन बम के विचार को जमीन पर उतारने के लिए सही पृष्ठभूमिक तैयार की। 1952 में अमेरिका ने अपने पहले हाइड्रोजन बम का परीक्षण किया, जिसका कोडनेम आइवी माइक था। टेलर की कल्पना साकार हो चुकी थी। यह विस्फोट जापान पर गिराए गए बमों से हजार गुना शक्तिशाली था।

ओपेनहाइमर के खिलाफ गवाही

परमाणु हथियारों की दुनिया में टेलर ने उपलब्धियों के साथ आलोचना भी बटोरीं। 1954 में मैनहट्टन प्रोजेक्ट के निदेशक और मशहूर वैज्ञानिक जे रॉबर्ट ओपेनहाइमर के खिलाफ कुख्यात सुनवाई के दौरान टेलर ने गवाही दी। उन्होंने कहा कि हाइड्रोजन बम के प्रति ओपेनहाइमर के विरोध ने राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति उनकी निष्ठा पर संदेह पैदा किया। इस गवाही के चलते ओपेनहाइमर को अपनी सुरक्षा मंजूरी खोनी पड़ी और बदनामी जो हुई ।